
महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष : 16 अंक : 214 | उज्जैन, मंगलवार 13 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

*संस्कार और परवरिश बहुत मायने रखते हैं, सिर्फ पढ़ लिखकर कोई अच्छा आदमी नहीं बनता!*

# स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों से राष्ट्र के युवाओं में नई ऊर्जा का किया संचार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### सुभाष स्कूल में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचारों से राष्ट्र के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। वे एक महान चिंतक थे और केवल शरीर से बल्कि कर्म से भी युवा थे। उन्होंने कहा कि योग हमारी भारतीय परंपरा का हिस्सा है। सूर्य नमस्कार की यौगिक क्रियाएं हमारे संपूर्ण जीवन का निचोड़ है। यह केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि हमारे जीवन को सामान्यता से उत्कृष्टता की ओर लेकर जाने का बड़ा माध्यम है। हम रोजाना सूर्य नमस्कार में समाहित 12 योग क्रियाओं के जरिए ही अपने शरीर को निरोगी बनाकर सुखी रह सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) के अवसर पर भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगाचार्यों के मार्गदर्शन में सुभाष स्कूल के सभी बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार के 12-12 क्रियाओं के तीन चक्र और प्राणायाम भी किया। उन्होंने कहा कि योग सदियों से हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन और माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

सूर्य नारायण के प्रकाश से ही जीवन की सार्थकता होती है सिद्ध- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सूर्य नारायण संपूर्ण सृष्टि को प्रकाश देकर ऊर्जा का संचार करते हैं। भारतीय संस्कृति के सभी पर्व एवं त्योहारों की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ होती है, जो सूर्य नारायण की आराधना का प्रतीक है। सूर्य नारायण के प्रकाश से ही जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है और शरीर ऊर्जा से सराबोर होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आहवान किया कि वे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए स्वयं को तैयार करें। प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार और नवनिर्माण करें। प्राचीन समृद्ध संस्कृति और विरासत का संरक्षण करें। स्वदेशी को प्रोत्साहित करें। अपने बच्चों को किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सिर्फ अपने पाठ्यक्रम के अध्ययन तक ही सीमित न रहें, बल्कि जीवन की व्यवहारिकता से भी परिचित हों।

नशे की लत और जंक फूड से बनाएं दूरी- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वाध्याय भी ज्ञान अर्जन का एक सशक्त माध्यम है। सभी को स्वाध्याय करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नशे की लत और जंक फूड से हमेशा के लिए दूरी बनाएं। जंक फूड शरीर को विकृति की ओर ले जाते हैं। इन्हें कम से कम खाएं। पेड़ लगाएं। प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा शारीरिक व्यायाम के लिए अवश्य निकालें। अपना कोई एक पसंदीदा खेल जरूर खेलें। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील रहें। अपने व्यक्तित्व के साथ चरित्र का भी निर्माण करें। अपनी भावनाएं परिवार और दोस्तों के साथ साझा करें, हताशा से नहीं, हमेशा आशा से भरे रहें। आधुनिकतम तकनीक का पूरी समझ और संवेदनाओं के साथ उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति वसुधैब कुटुम्बकम की परोपकारी भावना पर आधारित है। हम सब अपने जीवन के प्रत्येक पल को आनंद से जिएं। मानवता, समाज, प्रकृति और खुद के साथ दूसरों का जीवन बेहतर बनाने की भावना के साथ आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से 1000 साल पहले गजनी के महमूद ने भगवान सोमनाथ के मंदिर पर आक्रमण कर उसे नष्ट-भ्रष्ट करने का प्रयास किया था। हमें गर्व है कि भारतीय संस्कृति का यह जीवंत प्रतीक पूरे गौरव के साथ चट्टान की तरह आज भी खड़ा है।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्षा खरीदारी राष्ट्रीय हितों से जुड़ी, किसी खास विचारधारा से नहीं; जर्मनी के प्रस्ताव पर भारत का बड़ा बयान



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** जर्मनी के साथ रक्षा समझौतों को लेकर भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि रक्षा सामान खरीदने के लिए जगह चुनने की भारत की नीति राष्ट्रीय हित से तय होती है, न कि खास विचारधारा से। ये टिप्पणी जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के भारत यात्रा के दौरान आई है। जर्मन चांसलर ने पीएम मोदी से मुलाकात में कहा कि जर्मनी सुरक्षा मुद्दों पर भारत की रूस पर निर्भरता कम करने के लिए और ज्यादा करीब से सहयोग देना चाहता है। भारत पहले से ही मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के साथ साझेदारी में जर्मनी की थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स द्वारा 6 पनडुब्बियां बनाने के लिए संभावित डील पर बातचीत कर रहा है। सुरक्षा नीति पर जर्मन चांसलर की टिप्पणियों और दूसरे स्रोतों से हमारी रक्षा खरीद में कमी पर विक्रम मिसरी ने कहा, ÷मुझे लगता है कि जहां तक सुरक्षा नीति के पहलू का सवाल है, वह उसी बात की ओर इशारा कर रहे थे, जिसके बारे में मैं पहले बात कर रहा था, जो रक्षा और सुरक्षा नीति के संबंध में जर्मनी द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बदलाव था। उन्होंने कहा, देखिए, रक्षा खरीद पर हमारा दृष्टिकोण पूरी तरह से राष्ट्रीय हित से तय होता है। इसमें बहुत सारे कारक शामिल हैं और यह निश्चित रूप से वैचारिक नहीं है, यह पूरी तरह से हमारे राष्ट्रीय हित से तय होता है। इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि एक जगह से खरीद दूसरी जगह से खरीद से जुड़ी है। भारत अभी भी रूस के साथ सुरक्षा नीति पर मिलकर काम करता है, जहां से उसके ज्यादातर सैन्य उपकरण आते हैं और यह चीन के साथ रूसी गैस और तेल के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक प्रक्रिया है जो किसी भी समय हमारी जरूरतों को तय करती है। हम दुनिया में देखते हैं कि अगर हम इसे बाहर से खरीदने जा रहे हैं। अगर हम इसे स्थानीय स्तर पर नहीं बनाने जा रहे हैं, तो क्या हम इसे सबसे सुविधाजनक तरीके से खरीद सकते हैं।

### 1 करोड़ ने छोड़ा इस्लाम! केरल से शुरू हुई 'एक्स-मुस्लिम' मुहिम को मिल रही हवा; ईरान में आंदोलन की गूंज भारत तक



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** ईरान में मौजूदा सरकार के विरुद्ध आंदोलन से देश में एक्स-मुस्लिम मुहिम को भी हवा मिल रही है। ईरान और भारत के हालात में एक्स-मुस्लिम समानाताएं देख रहे हैं। महंगाई के विरुद्ध जारी ईरान में आंदोलन इस्लाम के खिलाफ तक पहुंच चुका है, जिसे 'बाहरी' बताते हुए वहां के मुस्लिम लोग खुद की सांस्कृतिक पहचान को मूल पारसी धर्म से जोड़ने लगे हैं। यहां यह पहचान सनातन धर्म के रूप में है। हालांकि, ईरान में जहां इस्लाम के प्रति अनिच्छा खुलकर व्यक्त की जा रही है। वहीं, भारत में यह विमर्श अब भी इंटरनेट मीडिया ( एक्स पूर्व में ट्विटर, यूट्यूब, फेसबुक, वॉट्सऐप जैसे) के माध्यम से अधिक बढ़ रहा है। यहां खुलकर सामने आने पर परिवार और सांप्रदायिक प्रतिक्रिया का डर बना हुआ है। पर कुछ एक्स मुस्लिमों में हिम्मत बढ़ी है, जो खुलकर मंच पर आने लगे हैं। हाल ही में रामलीला मैदान में आयोजित आर्य समाज के एक कार्यक्रम में दिल्ली के एक्स मुस्लिम इमरोज आलम ने मंच साझा कर अपना नाम राजन चौधरी रखने की घोषणा की। उन जैसे कई अन्य एक्स- मुस्लिमों का दावा है कि देशभर में हाल के वर्षों में उनकी संख्या एक करोड़ से अधिक हो गई है,। हालांकि, इसका कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। फिर भी मामले से जुड़े लोग बड़ी उम्मीद से कहते हैं कि देश में 25 वर्ष पूर्व केरल से शुरू यह मुहिम जोर पकड़ते हुए अब उत्तर भारत तक पहुंच चुका है। उनका दायरा बढ़ता जा रहा है। लोग खुद या परिवार सहित मुस्लिम धर्म छोड़ रहे हैं।

### सरकारी शिक्षकों के प्रमोशन में अब नियोजित सेवाकाल भी गिना जाएगा, शिक्षा विभाग ने जारी किया नया आदेश

**पटना/ जीएनएस।** राज्य में सरकारी विद्यालयों के अध्यापकों एवं विशिष्ट शिक्षकों की प्रोन्नति में उनके द्वारा नियोजित शिक्षक के रूप में किए गए कार्यावधि की गणना होगी। इससे संबंधित आदेश शिक्षा विभाग के सचिव दिनेश कुमार के हस्ताक्षर से सोमवार को जारी किया गया। इसके मुताबिक बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) संशोधन नियमावली, 2023 के तहत छठी से आठवीं कक्षा के विद्यालय अध्यापक की प्रोन्नति इन्हीं कक्षाओं के लिए वरीय विद्यालय अध्यापक के पद पर तथा 11वीं एवं 12वीं के विद्यालय अध्यापक की प्रोन्नति इन्ही कक्षाओं के वरीय विद्यालय अध्यापक के पद पर किए जाने के प्रविधान हैं। शिक्षा विभाग के सचिव दिनेश कुमार के आदेश के मुताबिक अब छठी से आठवीं एवं 11वीं तथा 12वीं कक्षा के विद्यालय अध्यापकों एवं विशिष्ट शिक्षकों की प्रोन्नति में नियोजित शिक्षक के कार्यावधि की गणना होगी। इससे प्रोन्नति में इन्हें सेवा निरंतरता का लाभ मिलेगा। दूसरी ओर, जिले में प्राप्त आवेदन के आधार पर 1,667 शिक्षकों को अंतर जिला स्थानांतरण किया गया है। स्थानांतरण किए सभी शिक्षकों को प्रखंड और विद्यालय आवंटित कर दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना सोमवार को जारी की गई। इसमें कक्षा से पांचवीं तक में 893, कक्षा छह से आठवीं तक में 289, कक्षा नौ से 10वीं तक में 214 और कक्षा 11 से 12वीं तक में 271 शिक्षकों को जिला स्थानांतरण किया गया है।

## मुकेश अंबानी ने वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत की मजबूती के लिए पीएम मोदी को अजेय दीवार बताया

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने रविवार को कहा कि वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत अडिग है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी नाम की अजेय सुरक्षा दीवार के कारण ये चुनौतियां देश को प्रभावित नहीं कर सकतीं।



राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (वीजीआरसी) को संबोधित करते हुए अंबानी ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह भारत का निर्णायक दशक है। वीजीआरसी का उद्घाटन रविवार दोपहर को प्रधानमंत्री ने किया था। अंबानी ने कहा- दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है और वैश्विक राजनीतिक परिस्थितियां नई चुनौतियां और अनपेक्षित उतार-चढ़ाव ला रही हैं। मगर भारत के लिए सबसे बड़ी सुरक्षा यह है कि ये चुनौतियां हमारे लोगों को नहीं छू सकतीं या परेशान नहीं कर सकतीं, क्योंकि भारत के पास नरेंद्र मोदी नाम की अजेय सुरक्षा दीवार है। उन्होंने यह भी कहा कि देश केवल भविष्य के लिए तैयारी नहीं कर रहा, बल्कि उसे सक्रिय रूप से आकार दे रहा है।

अंबानी ने कहा- सौराष्ट्र और कच्छ से हम उद्योग जगत के लोग खुश हैं कि हम उस विकास और दिशा में भाग ले रहे हैं, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने हम सभी के लिए दिखाया है।

उन्होंने कहा कि रिलायंस गुजरात को भारत का एआई अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जामनगर में हम भारत का सबसे बड़ा एआई-रेडी डाटा सेंटर बना रहे हैं, जिसका एकमात्र उद्देश्य हर भारतीय के लिए किफायती एआई उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनियां अगले पांच वर्षों में राज्य में अपना निवेश 3.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर सात लाख करोड़ रुपये कर देंगी।

उन्होंने कहा-जामनगर में, हम दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं, जिसमें सौर, बैटरी ऊर्जा भंडारण, ग्रीन हाइड्रोजन, हरी खाद, टिकाऊ विमानन ईंधन और समुद्री ईंधन व एडवांस्ड मेटेरियल शामिल हैं। ये केवल भविष्य की उद्योग नहीं हैं, बल्कि भारत के समृद्ध कल की नींव हैं।

अदाणी पोर्ट्स और सेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि राष्ट्रीय सोच में भी मौलिक परिवर्तन किया है।

## तेलंगाना के आदमी ने अपनी खुद की कब्र बनाई, निधन के बाद दफनाया गया



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** तेलंगाना में स्वस्थ जीवन जीते हुए खुद अपनी कब्र बनाने वाले एक 80 वर्षीय व्यक्ति का निधन 11 जनवरी को हो गया और उन्हें उसी कब्र में दफनाया गया। लक्ष्मीपुरम गांव के निवासी, नक्का इंद्रैया ने अपनी कब्र अपनी पत्नी की कब्र के बगल में बनाई है और इस स्थल पर जीवन और मृत्यु के शाश्वत सत्य के बारे में एक संदेश लिखा हुआ एक पट्टिका स्थापित की है।

नक्का इंद्रैया ने वर्षों पहले अपनी अंतिम विश्राम स्थल का निर्माण कर राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने इस स्थान पर जाने, आसपास की सफाई करने, पौधों को पानी देने और शांति से विचार करने की आदत बना ली थी। इंद्रैया के योगदानों को साझा करते हुए उनके बड़े भाई नक्का भुमैया ने बताया, उन्होंने अपनी खुद की कब्र बनाई.. और गांव में एक स्कूल और एक चर्च भी। उन्होंने गांव के लिए कई अच्छे काम किए। उन्होंने अपने जीवनकाल में अपनी चार संतानों को अपनी संपत्ति बांटी। उनके लिए घर बनाए और परिवार में नौ शादियों का आयोजन किया। रविवार को उनके निधन के बाद, इंद्रैया की अंतिम इच्छा पूरी हुई जब उन्हें अपनी खुद की धन से तैयार की गई कब्र में दफनाया गया।

## ई-सिगरेट के इस्तेमाल की बात साबित हुई तो..., स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को दी चेतावनी

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि कार्रवाई के दौरान सदन के भीतर कथित तौर पर ई-सिगरेट के सेवन से जुड़े मामले की जांच में जारी है और यदि इसमें कोई दोषी पाया जाता है तो सख्त की जाएगी।



संसद की गरिमा और मर्यादा कायम रखने के लिए इसके विरूद्ध किए गए आचरण को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हालांकि उन्होंने साफ किया कि कार्रवाई और सजा का फैसला सदन करेगा स्पीकर नहीं। राष्ट्रमंडल देशों के संसद के अध्यक्षों के सम्मेलन के संदर्भ में प्रेस वार्ता के दौरान ई-सिगरेट विवाद के बारे में पूछे जाने पर ओम बिरला ने यह बात कही।

स्पीकर से की गई थी शिकायत

उन्होंने कहा कि किसी को भी संसद की पवित्रता को कम करने का अधिकार नहीं है। इस मामले की जांच चल रही है और आगे की कार्रवाई के लिए इसे लोकसभा की एक उचित समिति को भेजा जाएगा।

## आयुष डॉक्टरों को भी पंजीकृत डॉक्टर घोषित करने की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** एलोपैथिक डॉक्टरों की तरह आयुष डॉक्टरों को भी कानून के तहत रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर (आरएमपी) या पंजीकृत डॉक्टर घोषित करने का निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कानून, स्वास्थ्य और आयुष मंत्रालयों से जवाब मांगा।



याचिका में 1954 के एक कानून के शेड्यूल की समीक्षा और अपडेट के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश देने की मांग भी की गई है ताकि विज्ञान में हुई तरक्की के अनुसार कुछ मामलों में दवाओं के विज्ञापन को नियंत्रित किया जा सके। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता कानून के छात्र एवं अपने बेटे नितिन उपाध्याय का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अश्विनी उपाध्याय की दलीलें सुनीं और याचिका पर नोटिस जारी किया। याचिका में यह निर्देश देने की मांग की गई है कि आयुष डॉक्टरों को भी औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 की धारा 2(सीसी) के तहत पंजीकृत डाक्टर के रूप में शामिल किया जाए।

## सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स, ग्रीन हाइड्रोजन... भारत और जर्मनी के बीच इन मुद्दों पर हुआ करार

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच अहमदाबाद में हुई द्विपक्षीय शिखर वार्ता ने भारत और यूरोपीय संघ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई गति प्रदान की है। दोनों नेता नई वैश्विक व्यवस्था में एक-दूसरे को पूरक साझेदार के रूप में देखते हुए रक्षा, आर्थिक सहयोग, सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स, ग्रीन हाइड्रोजन और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए।



पिछले साल सत्ता संभालने के बाद एशिया में अपने दौरे के लिए सबसे पहले भारत का चयन कर मर्ज ने भारत के साथ संबंधों को लेकर महत्वपूर्ण संकेत दिया है। इसी तरह से पीएम मोदी ने अपने गृह नगर में जर्मन चांसलर का स्वागत कर और द्विपक्षीय संबंधों के दीर्घकालिक एजेंडे पर हस्ताक्षर कर भारत की रूचि भी साफ कर दी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग पर 20 संयुक्त घोषणाओं और सात सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच आपसी विश्वास और साझेदारी की मजबूती को दर्शाते हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को प्रगाढ़ करने पर जोर

वार्ता में रक्षा और कारोबार में आपसी सहयोग बढ़ाने के अलावा यूक्रेन, ईरान, वेनेजुएला जैसे ज्वलंत वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को प्रगाढ़ करने पर जोर दिया, जो चीन की बढ़ती आक्रामकता के संदर्भ में रणनीतिक महत्व रखता है। मोदी और मर्ज ने इस महीने भारत-ईयू फोरम में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की संभावना जताई, जो दोनों पक्षों के आर्थिक संबंधों को और मजबूत कर सकता है।

प्रमुख घोषणाओं में रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए नया रोडमैप तैयार करना शामिल है, जो संयुक्त विकास, उत्पादन पर केंद्रित होगा। आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच सीईओ फोरम गठित किया जाएगा। सेमीकंडक्टर और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग स्थापित होगा, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की मजबूती सुनिश्चित करेगा। गैस, ग्रीन हाइड्रोजन और बायोइकोनमी क्षेत्र में अलग-अलग संयुक्त घोषणाएं की गई हैं, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने में दोनों देशों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।




# स्वामी विवेकानंद जी के विचार आगे ले जाना युवाओं की जिम्मेदारी- डॉ. हरीश कुमार मिमरोट



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से अवगत कराना रहा।

इस अवसर पर व्याख्यान, भाषण प्रतियोगिता, श्रमदान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्वपूर्ण गीतों से परिचित कराने जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. हरीश कुमार मिमरोट उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आगे बढ़ाना आज के युवाओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उनके विचार आत्मबल, अनुशासन, सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देते हैं। उनके विचारों से सभी स्वयंसेवक अत्यंत प्रभावित हुए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एस. एस. ठाकुर द्वारा स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। हिंदी विभाग की डॉ. मनीषा मरकाम ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ. भागवत राय (एनसीसी अधिकारी), राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शांता चौहान, प्रोफेसर अरुण कुमार आर्य सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका रिया पांडे द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्ञानेश्वर तिखे ने किया। भाषण प्रतियोगिता के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा एमबीए भवन परिसर में पौधों के आसपास क्यारियाँ बनाकर साफ-सफाई की गई। साथ ही स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गाजर घास का उन्मूलन भी किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 72 स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## इंदौर में युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर इंदौर के विभिन्न स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाईन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, एसडीएम श्री अजय भूषण शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शांता स्वामी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्टगीत वंदे-मातरम, स्वामी विवेकानन्द का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ एवं शिक्षक/शिक्षिकाएँ तथा अधिकारीगण आदि शामिल हुए।

## संकल्प से समाधान अभियान की हुई शुरूआत



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुशासन व स्वराज के लक्ष्य को लेकर आज से इंदौर जिले में 'संकल्प से समाधान अभियान' की शुरुआत हो गई है। परिवहन विभाग ने नंदा नगर के आईटीआई स्थित ड्रायविंग ट्रेनिंग स्कूल में लर्निंग लाइसेंस का कैंप लगा कर इसकी शुरूआत की। यहां पर पहले दिन 200 से अधिक महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाना है। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह अभियान शुरू किया गया है। इसमें नए लाइसेंस बनाना, रिन्यूअल, डुप्लीकेट लाइसेंस बनवाना आदि काम किए जाएगें। सोमवार को इस अभियान की शुरूआत की गई है। यहां पर लर्निंग लाइसेंस बनाए गए है। शिविर में आवेदकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह भी चल रहा है।

## महापौर ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, युवाओं के लिए बताए प्रेरणास्रोत



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के पावन अवसर पर लाबरिया भेरू चौराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर नगर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा विधिवत माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल पर श्रद्धा और सम्मान का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम में महापौर प्रतिनिधि श्री भारत पारीक, क्षेत्रीय पार्षद श्री भारत सिंह रघुवंशी, श्री रमेश खत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को स्मरण किया।

इस अवसर पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायी हैं। उनका जीवन आत्मबल, राष्ट्र निर्माण, सेवा भावना और समाज के सर्वांगीण उत्थान का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और देश व समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी।

महापौर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में अपनाएं तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकानंद जी के विचारों के स्मरण के साथ हुआ।

## गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालयों में होगा 'भारत पर्व' का आयोजन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकतंत्र के लोक उत्सव 'भारत पर्व' का आयोजन आगामी 26 जनवरी को किया जाएगा। यह आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा जनसम्पर्क विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाजसेवियों, साहित्यकारों, कलाकारों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। भारत पर्व के प्रभावी आयोजन हेतु जिलों में आवश्यक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। भारत पर्व के अंतर्गत मध्यप्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से लोक एवं भक्ति गायन, सुराज एवं आज़ादी के तराने, कवि सम्मेलन, वादन एवं नर्तन (जनजातीय एवं लोक) जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारत पर्व के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार विकासात्मक गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## स्वच्छ जल अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार होगी जल सुनवाई

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार 10 जनवरी 2026 से प्रारंभ किए गए स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत नगर निगम इंदौर द्वारा नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत शहर के समस्त 85 वार्डों में प्रत्येक मंगलवार को जल सुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

यह जल सुनवाई दिनांक 13 जनवरी 2026 से प्रारंभ होकर नगर निगम क्षेत्र की सभी पेयजल टंकियों पर आयोजित की जाएगी। प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक नागरिक अपनी जलप्रदाय से संबंधित समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। नगर निगम द्वारा सभी 85 वार्डों में जल सुनवाई के लिए स्थल निर्धारित किए गए हैं, ताकि नागरिकों को सुविधा के साथ अपनी बात रखने का अवसर मिल सके।

महापौर एवं निगम आयुक्त ने बताया कि जल सुनवाई के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों एवं शिकायतों को संकलित कर संबंधित अपर आयुक्त एवं कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय) को अवगत कराया जाएगा। जो प्रकरण झोन स्तर पर निराकृत किए जा सकेंगे, उनका समाधान संबंधित झोन द्वारा किया जाएगा, जबकि जिन मामलों का निराकरण मुख्यालय स्तर से आवश्यक होगा, उन्हें त्वरित कार्यवाही हेतु मुख्यालय भेजा जाएगा। झोन स्तर से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की जानकारी कार्यपालन यंत्री, जलप्रदाय द्वारा अपर आयुक्त, जलप्रदाय को नियमानुसार प्रस्तुत की जाएगी, जिससे शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जल सुनवाई में सहभागी बनें, अपनी जल संबंधी समस्याओं से नगर निगम को अवगत कराएं तथा स्वच्छ जल अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## मानसिक स्वास्थ्य की मजबूती के लिए भागीरथपुरा क्षेत्र में सकारात्मक पहल



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा अब नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य की मजबूती के लिए भी सकारात्मक पहल की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे नियमित उपचार से क्षेत्र में स्थिति अब तेजी से सामान्य हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने सकारात्मक पहल करते हुए अभियान स्वास्थ्य वर्धन के तहत क्षेत्र में आज मनोचिकित्सकीय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मन कक्ष दल द्वारा नागरिकों को भय, तनाव और असुरक्षा के भाव से दूर रहने के उपाय बताये गए। मानसिक मजबूती के लिए उन्हें समझाईश भी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि संपूर्ण स्वास्थ्य सबके लिए एक ऐसी संकल्पना है जिसमें स्वास्थ्य के सभी आयामों का समावेश होता है। इस संकल्पना का साकार करने के लिए जिला प्रशासन के नेतृत्व में भागरीथपुरा प्रभावित क्षेत्र में अभियान स्वास्थ्यवर्धन का आरंभ गत 10 जनवरी से किया गया है। इस अभियान के तहत गैर संचारी रोग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं एवं डायरिया संक्रमण रोकने के लिए उचित परामर्श, जॉच, औषधि वितरण, रोगियों का चिन्हांकन, रेफरल तथा उपचार तक पहुॅच का कार्य सतत किया जा रहा है। उक्त् अभियान के तहत सभी नागरिकों से सर्वे दलों ने चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने का आग्रह किया जा रहा है।

## परदेशीपुरा थाना पुलिस द्वारा चाइनीस मांझा के विरुद्ध जागरूकता अभियान, लोगों से किया उपयोग न करने का आग्रह



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में चाइनीस मांझा के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना परदेशीपुरा पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसके तहत लोगों को चाइनीस मांझा का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त इंदौर श्री अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। थाना प्रभारी परदेशीपुरा श्री आर. डी. कानवा द्वारा थाने के अधिकतम पुलिस बल के साथ दिनांक 12 जनवरी 2026 को थाना क्षेत्र के कल्याण मिल चौराहा, सुभाष नगर चौराहा, डमरू स्टार चौराहा, सुगनी देवी ग्राउंड सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण किया गया।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा लोगों से जनसंवाद कर उन्हें चाइनीस मांझा के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई और इसके उपयोग से बचने की अपील की गई। थाना क्षेत्र में पतंग बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर चेकिंग की गई, जहां किसी भी प्रकार का चाइनीस मांझा नहीं पाया गया। इसके साथ ही खुले मैदानों में पतंग उड़ाने वाले लोगों को भी चेक किया गया और उन्हें सुरक्षित व प्रतिबंधित सामग्री से दूर रहने की समझाइश दी गई।

अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दीवारों एवं वाहनों पर चाइनीस मांझा के विरुद्ध जागरूकता पोस्टर चिपकाए गए। पुलिस द्वारा आमजन से यह भी अपील की गई कि यदि कहीं भी चाइनीस मांझा बेचने या उपयोग करने की सूचना मिले तो तत्काल थाने को सूचित करें। पुलिस का यह अभियान जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगातार जारी रहेगा।

## पश्चिम रेलवे ने सबसे लंबी अनब्रोकन लॉन्ग हॉल मालगाड़ी का सफल परिचालन कर रचा इतिहास



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने माल परिवहन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अपने इतिहास की अब तक की सबसे लंबी अनब्रोकन लॉन्ग हॉल मालगाड़ी का सफल परिचालन किया है। यह लॉन्ग हॉल ट्रेन 10 जनवरी 2026 को वटवा से बकानियां भौरी के बीच सफलतापूर्वक संचालित की गई, जिसने लगभग 585 किलोमीटर की दूरी तय की। यह पश्चिम रेलवे ही नहीं, बल्कि भारतीय रेल क्षेत्र में अब तक की सबसे लंबी लॉन्ग हॉल रन मानी जा रही है।

इस लॉन्ग हॉल ट्रेन का संचालन पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अनुभवी क्रू द्वारा किया गया। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह उपलब्धि रतलाम मंडल की उच्च परिचालन दक्षता, बेहतर संसाधन प्रबंधन तथा समय और मानव संसाधन की उल्लेखनीय बचत का परिणाम है। इससे माल परिवहन क्षमता में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

लॉन्ग हॉल ट्रेन 2 ईबॉक्सतएन रेक की संरचना में चलाई गई, जिसकी अधिकतम अनुमत गति 70 किलोमीटर प्रति घंटा थी। ट्रेन ने वटवा से बकानियां भौरी तक की दूरी 12 घंटे 58 मिनट में पूरी की, जबकि इसकी औसत गति 46.98 किलोमीटर प्रति घंटा रही। इस परिचालन के माध्यम से कुल मिलाकर लगभग 11 घंटे की समय बचत सुनिश्चित की गई। यह सफलता विभिन्न विभागों के बीच उत्कृष्ट समन्वय, सटीक योजना और प्रभावी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

उल्लेखनीय है कि रतलाम मंडल द्वारा इससे दो दिन पूर्व, 8 जनवरी 2026 को बिलडी से उधना के बीच अपनी पहली लॉन्ग हॉल मालगाड़ी का सफल संचालन कर पहले ही एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया था। इसके बाद 10 जनवरी को दूसरी बार इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल कर रतलाम मंडल ने माल परिवहन के क्षेत्र में अपनी क्षमता और दक्षता को और अधिक सशक्त रूप में प्रस्तुत किया है।

यह उपलब्धि पश्चिम रेलवे, विशेष रूप से रतलाम मंडल, की नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और माल परिवहन को अधिक सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे न केवल रेलवे के संचालन में सुधार होगा, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

## भागीरथपुरा में सघन स्वास्थ्य वर्धन अभियान से जनजीवन में लौट रहा भरोसा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के उपरांत शासन-प्रशासन द्वारा की गई त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप क्षेत्र में नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य वर्धन अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से न केवल बीमारियों की पहचान की जा रही है, बल्कि भविष्य की किसी भी संभावित स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए ठोस आधार भी तैयार किया जा रहा है।

50 दल, 200 से अधिक स्वास्थ्यकर्मी, हर घर तक सीधी पहुँच- भागीरथपुरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के 50 दलों में तैनात 200 से अधिक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी 24म7 सक्रिय हैं। ये दल घर-घर पहुँचकर लगभग 20 निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर नागरिकों की जांच कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत प्रभावित नागरिकों का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जा रहा है तथा प्रत्येक नागरिक को हेल्थ कार्ड प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित संधारण संभव हो सके।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इलाज में शून्य असुविधा का लक्ष्य- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि डॉ. मोहन यादव की स्पष्ट मंशा है कि भागीरथपुरा क्षेत्र का कोई भी नागरिक इलाज से वंचित न रहे। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में यह अभियान निरंतर गति से संचालित किया जा रहा है।

# 3 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर कर, किया गया इंदौर व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमा से निष्कासित

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इदौर नगरीय क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा सक्रिय गुंडे बदमाशों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त द्वारा संबंधित जोन के पुलिस अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए 03 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर तथा 07 अन्य शातिर बदमाशो को थाना हाजरी के लिए निर्बन्धन आदेश जारी किया है। जिसमें विशेष रूप से मानव जीवन व पशु/पक्षियों के लिए घातक प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण में लिप्त 02 बदमाशों के निर्बंधन आदेश कर विभिन्न शर्तो के अधीन पाबंद किया गया है।

आदतन बदमाश जो कि आपराधिक प्रवृत्ति के होकर इनके द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। इन अपराधियों के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं के कई अपराध शहर के विभिन्न थानों में पंजीबद्ध है। बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के उपरांत भी इनके द्वारा लगातार अपराध कारित कर आम लोगों की शांति भंग कर क्षेत्र की लोक व्यवस्था भंग की जा रही थी। उक्त बदमाशो की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु बदमाशों के विरुद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत कार्यवाही हेतु इनके प्रकरणों के प्रतिवेदन को श्रीमान पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरणों की जांच एवं विचारण उपरांत पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त 03 बदमाश जिसमें इरफान उर्फ इफ्तेखार उर्फ बाबू टिपिया उम्र 36 वर्ष निवासी 146 ग्रीन पार्क कॉलोनी थाना चदंन नगर इंदौर (अवधि - 01 वर्ष), तनवीर उर्फ तन्नू उर्फ मसूदी पिता अब्दूल गनी उम्र 25 वर्ष निवासी 167 हीना पैलेस कॉलोनी थाना खजराना इंदौर ( अवधि - 06 माह) तथा रोहित पिता विक्रम धनगर उम्र 20 साल निवासी 748/19 मेघदूत नगर थाना हीरानगर इंदौर ( अवधि - 06 माह) शामिल है। उक्त तीनों बदमाशों को निर्धारित अवधि के लिए जिला इंदौर (नगरीय एवं देहात) एवं उससे लगे सीमावर्ती जिलो की सीमाओं के लिये प्रतिबंधित करने हेतु जिलाबदर आदेश जारी किया गया है।

इसके साथ ही आदतन बदमाशों की आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए, पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा उक्त 07 बदमाशों को निर्बंधन आदेश से प्रतिबंधित किया है। इसमें मनीष पिता कन्हैयालाल अग्रवाल उम्र 38 साल निवासी ईएस 03 स्कीम न 78 थाना लसुडिया इंदौर, को विभिन्न गंभीर अपराधों के साथ प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण पर, आरोपी को- (अवधि 06 माह), समीर उर्फ सोनू पिता अकील मेव उम्र 21 साल निवासी मेवाती मोहल्ला इंदौर थाना चदंन नगर को विभिन्न गंभीर अपराधों के साथ प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण पर, आरोपी को- (अवधि 06 माह), सलमान पिता अब्दुल सईद कुरैशी उम्र 30 साल निवासी 11 नम्बर लालगली थाना परदेशीपुरा इंदौर (अवधि-01 वर्ष), रवि उर्फ काला पित राजू सितोले उम्र 31 साल, निवासी राहुल गांधी नगर थाना भवंरकुआ इंदौर को (अवधि-01 वर्ष), मोहित उर्फ बिट्टू पिता प्यारेलाल नरवले उम्र 28 साल निवासी म न 28 जोशी मोहल्ला थाना जूनी इंदौर।

# जैल में बंद अफीम तस्करी के आरोपी को सीने में दर्द, अस्पताल में तोड़ा दम



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर जैल में अफीम तस्करी के आरोप में बंद 33 वर्षीय युवा विमल पाटीदार निवासी बालागुड़ा की सोमवार दोपहर बड़े अस्पताल में मृत्यु हो गई। सुबह जेल में ही उसे सीने में दर्द की शिकायत होना बताया गया है, जिसे उपचार हेतु सरकारी अस्पताल लाया गया, यहां तमाम ट्रिटमेंट के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। विमल को अटैक आना बताया गया है। वह दस महीने से मंदसौर जेल में बंद था। अब मामले की न्यायिक जांच के अलावा मानव अधिकार आयोग भी जांच करेगा। मृतक विमल अविवाहित होकर इकलौटा बेटा था। मृतक कैदी विमल पाटीदार के खिलाफ राजस्थान के प्रतापगढ़ में भी अफीम तस्करी का केस दर्ज है। इस मामले में कोर्ट में पेशी के लिए कई बार प्रतापगढ़ पुलिस के समंस पर आरोपी विमल को मंदसौर से भेजा गया था।

मृतक आरोपी विमल पिता मदन पाटीदार 33 वर्ष निवासी बालागुड़ा थाना पिपलिया मंडी को मार्च 2025 में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स की टीम ने 5 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। उसके बाद 11 मार्च 2025 से मंदसौर जेल में ही बंद था। आरोपी को जेल में अचानक तबियत बिगड़ने पर सीने में दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद उसे मंदसौर बड़े अस्पताल लाया गया। जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. दिव्यांशी गौर ने बताया कि जब पेशेंट अस्पताल पहुंचा, उस समय उसका ब्लड प्रेशर काफी बढ़ा हुआ था और वह लगातार चेस्ट पेन की शिकायत कर रहा था। तत्काल उपलब्ध सभी जरूरी और बेहतर उपचार उसे दिए गए। हालांकि, कुछ ही समय बाद उसकी हालत और ज्यादा बिगड़ गई। इलाज के दौरान ही उसे कार्डियो अरेस्ट आया। मेडिकल टीम द्वारा तत्काल सीपीआर दिया गया, साथ ही उसे वेंटिलेटर पर भी शिफ्ट किया गया। करीब एक घंटे तक डॉक्टरों ने जान बचाने के लिए प्रयास किए, लेकिन सभी कोशिशों के बावजूद दोपहर में उसकी मौत हो गई।

जेल अधीक्षक प्रेम कुमार सिंह के अनुसार कैदी विमल को पहले भी इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पहली बार 18 सितम्बर को विमल को अस्पताल भेजा गया था। हाल ही में उसका ईको भी कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट नॉर्मल आई थी। सोमवार सुबह जब विमल को सीने में फिर से दर्द की शिकायत हुई तो हमने तत्काल अस्पताल भेजा। जहां उसकी मृत्यु हो गई।

# आदर्श रोड में अधूरे कार्य से व्यापारियों ने सड़क घेर किया प्रदर्शन, धरना देकर जताया विरोध



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरदार पटेल चौराहे से घंटाघर तक रोड के दोनो और यातायात सुगमता के लिहाज से अतिक्रमण हटाया गया था। इसे आदर्श रोड विकसित करने की संज्ञा दी गई है। आदर्श रोड के तहत दुकानों के ठीक बाहर रोड़ी भी तोड़ी गई थी। दुकानों के बाहर हालत ठीक नहीं है। डेढ़ महीने से सुनवाई नहीं होने और अधूरे कार्य से सोमवार को व्यापारियों ने सड़क घेर प्रदर्शन किया। यही धरना देकर विरोध जताया, जिसमें भाजपा नेता भी शामिल रहे।

मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देश अनुसार पीडब्ल्यूडी ओर एमपीआरडीसी द्वारा इस रोड़ को कम्प्लीट किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के नितेश सुलिया द्वारा अपने क्षेत्र सरदार पटेल चौराहा को निरतंर प्रक्रिया के तहत यातायात नियमों और सुरक्षा की दृष्टि से कार्य करवाया जा रहा है इसी कड़ी में कल रात्रि से सुगम सहज यातायात सुरक्षित यातायात हेतु अस्थाई बेरिकेड्स की जगह स्थाई बेरिकेड्स लगा कर कलर रेडियम के माध्यम से इस चौराहा को स्वच्छ सुंदर सुरक्षित बनाया जा रहा है। बघेल ने बताया कि एमपीआरडीसी के भोपाल स्थित वरिष्ठ अधिकारियों से कलेक्टर अदिति गर्ग संपर्क में है उनके वादे अनुसार जल्द ही सरदार पटेल चौराहा से मंडी गेट तक पूरे आदर्श रोड़ का डामरीकरण होगा। बघेल ने स्थानीय व्यापारियों से धैर्य रखने की अपील की है। शासन स्तर पर प्रक्रिया में थोड़ा समय लग रहा है 15 दिन के अंदर पूरा आदर्श रोड़ अपना स्वरूप लेने लगेगा।

## गायत्री परिवार द्वारा मनाया जा रहा शताब्दी वर्ष समारोह

**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित अखण्ड दीप शताब्दी वर्ष एवं माता भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही ज्योतिष कलश यात्रा जो नीमच जिले में 1 से 14 जनवरी तक रहेगी उक्त यात्रा क्रमानुसार 10 जनवरी से शुरू हुई जिसमें 10 जनवरी को यात्रा का स्वागत रतनगढ़ में किया गया तत्पश्चात यात्रा उमर ,अथवा , ताल,परलाई में ग्रामीणों द्वारा सिद्ध दिव्य कलश ( जिसमें मां गंगा का पवित्र जल हिमालय की सिद्ध अखंड अग्नि की रज एवं गायत्री साधना का दिव्य अंश है ) का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद यात्रा आदिवासी ग्राम कोज्या पहुंची जहां दीपयज्ञ का आयोजन कर प्रथम दिवस का समापन कर सिंगोली में विश्राम रहा 11 जनवरी को प्रातः सिंगोली यज्ञशाला में गायत्री महायज्ञ व परिजनो द्वारा कलश पूजन के पश्चात पुनः यात्रा कच्छाला, धनगांव, थड़ोद, धारडी, कदवासा, सलोदा होते हुए शहनातलाई पहुंची जहां अभी जगह ग्रामीणों द्वारा बढ़े उत्साह के साथ कलश पूजन व गोष्ठी में सहभागिता की शहनातलाई में दीपयज्ञ सम्पन्न किया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया यात्रा के दौरान साथ में चल रहे परिजनो द्वारा सभी जगह ग्रामीणों को गायत्री साधना,उत्तम विचारों के लिए नियमित धार्मिक ग्रंथों का स्वाध्याय व उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग एवं प्राणायाम हेतु प्रेरित किया साथ ही परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के सूत्र हम सुधरेंगे युग सुधरेगा ,हम बदलेंगे युग बदलेगा को जीवन में उतार कर उज्जवल भारत विश्वगुरू भारत हेतु व्यक्ति निर्माण करने के लिए प्रतिबद्धता का संकल्प दिलाया।

## सी.आर.पी.एफ. के 167 नव नियुक्त सिपाहियों का दीक्षांत समारोह सम्पन्न



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविघालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नीमच में कुल 167 नव नियुक्त सिपाही, तकनीकी (एम.एम.वी. एवं पेंटर) बुनियादी प्रशिक्षण का दीक्षान्त परेड सह शपथ ग्रहण समारोह असीम जोश व उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। दीक्षांत परेड समारोह के मुख्य अतिथि भा.पु.से., विशेष महानिदेशक, पूर्वोत्तर अंचल श्री राजा श्रीवास्तव ने परेड की सलामी ली। इस परेड के परेड कमाण्डर श्री मनोज कुमार, सहा.कमा. एवं परेड द्वितीय कमान अधिकारी निरीक्षक/जीडी श्री बीरचंद मेघवाल थे।

इस शुभ अवसर पर महानिरीक्षक/प्राचार्य, सीटीसी नीमच श्री दर्शन लाल गोला, महानिरीक्षक मध्यप्रदेश सेक्टर श्रीमति नीतू डी0 भट्टाचार्य, (पी0एम0जी0) श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता, मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी, श्री आशीष भटनागर, उप कमान्डेंट, श्री राजेश पंचाल, एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारीगण, स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के अधीकारीगण, क्षेत्र के गणमान्य जन प्रतिनिधि, जवान एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे।

सिपाही/तकनीकी (एम0एम0वी0 एवं पेंटर) बैच संख्या-1 का बुनियादी प्रशिक्षण 24 फरवरी 2025 से आरम्भ हुआ था। 44 सप्ताह के प्रशिक्षण अवधि के दौरान इन्हें बल के अनुशासन के साथ-साथ, शारीरिक, हथियार, युद्ध कौशल, भूमि कला, कानून, प्रबंधन, युद्ध अवरोध, निहत्थी लड़ाई, हथियार व खाली हाथ की कवायद, विभिन्न हथियारों, एवं गोला-बारूदों का प्रशिक्षण भी दिया गया है। इन्हें तीन सप्ताह के अति सतर्क एवं कठिन जंगल प्रशिक्षण के साथ एक सप्ताह के जंगल सरवाईवल प्रशिक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहने का अभ्यास देकर राष्ट्र विरोधी ताकतों से लोहा लेने के लिए तैयार किया गया है। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को मुख्य अतिथि के द्वारा ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

ये सिपाही/तकनीकी (एम0एम0वी0 एवं पेंटर) अब पूर्ण सैनिक बनकर राष्ट्र-विरोधी ताकतों से मुकाबला करने के लिए पूर्णतः तैयार हो चुके है। मुख्य अतिथि, ने नव नियुक्त सिपाही/तकनीकी (एम.एम.वी. एवं पेंटर) को संबोधित नव नियुक्त सिपाही/तकनीकी (एम.एम.वी. एवं पेंटर) से देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए हमेशा तत्पर रहने का आहवान किया। इस शुभ अवसर पर इन सिपाही/तकनीकी के माता-पिता एवं परिवारजन भी आशीर्वाद देने उपस्थित थे।

# संकल्प से समाधान अभियान में 106 योजनाओं का लाभ पंचायत-वार्ड स्तर पर मिलेगा : कलेक्टर अदिति गर्ग

### पेयजल स्रोतों की नियमित सफाई एवं जल परीक्षण के निर्देश, 26 जनवरी पर फ्रंटलाइन वर्कर भी करेंगे मार्च पास्ट



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन स्थित सभागृह में साप्ताहिक अंतरविभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि संपूर्ण जिले में संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी तक तथा द्वितीय एवं तृतीय चरण 16 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पंचायत एवं वार्ड स्तर पर 106 जनकल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पंचायत-वार्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें तथा प्राप्त आवेदनों का यथासंभव तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक आम नागरिकों को योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पानी की टंकियों, निजी टंकियों, पाइपलाइनों, ड्रेनेज सिस्टम एवं जल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई कराई जाए। क्लोरीनेशन का दैनिक शेड्यूल तैयार किया जाए। साथ ही स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के जल स्रोतों की चरणबद्ध जांच कर नियमित अंतराल पर पेयजल की सफाई एवं जल परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। शिक्षा विभाग को परीक्षा को ध्यान में रखते हुए मॉक टेस्ट का शेड्यूल तैयार कर जारी करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को संजीवनी क्लिनिक का तत्काल हैंडओवर लेकर आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष जिले में पहली बार फ्रंटलाइन वर्कर भी मार्च पास्ट में भाग लेंगे। फ्रंटलाइन वर्कर में शिक्षक, कोटवार, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी, सफाई कर्मी सहित वे सभी कर्मचारी शामिल होंगे जो निरंतर जमीनी स्तर पर सेवाएं प्रदान करते हैं। फ्रंटलाइन कर्मियों को मार्च पास्ट के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। 26 जनवरी की तैयारियों के संबंध में 24 जनवरी को प्रातः 9ः00 बजे फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी, मल्टीलेवल मार्केटिंग कम्पनी तथा साइबर ठगी निवेश आधारित धोखे से सतर्क रहें-मनीष पारीख



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में गली गली खुल रही सहकारी समितियां तथा बेरोजगारों का रोजगार बनी मल्टीलेवल कम्पनी तथा क्रेप्टो करंसी सायबर ठगी निवेश आधारित जमा योजनाएं आजादी से चली आ रही खुली लूट है। लोक लुभावने विज्ञापन सेमिनार मीटिंग ट्रेनिंग तथा कार, बोनांजा गोवा और मलेशिया टुर पॅकेज आम जन मानस को मुर्ख बनाकर लुटने का एक जरीया बन गये है। ऐसी निवेश आधारित जमा योजनाओं तथा धोखे से सतर्क एवं सावधान रहने की अपील जन जागरण अभियान के जिला प्रभारी मनीष पारीख सर द्वारा की गई।

मंदसौर नगर में गली गली में सहकारी साख समितियां सोने एवं चांदी के सिक्कों का लालच देकर सावधि जमा योजना एफडी बनवा रही हैं। तथा ऋण आधारीत व्यापार में ब्याज दरें शासन के नियमानुसार 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत ली जाना चाहीए। ऐसे में छोटे से छोटे ऋणों पर 18 से 36 प्रतिशत तक की पठानी एवं बल जबरी वसुलीया जारी है और औने पौने दामों में जमीन संपत्तियॉ खरिदकर बुक्स ऑडिट रिर्पोट में लाख करोड़ो की हेरा फेरी की जा रही है जो की जॉच विषय है। चाय की होटल से लेकर बड़ी बड़ी फाईफ स्टार होटलो तक बेरोजगारो को फर्जी सब्जबाग दिखाकर कार तथा टुर व लाखों की कमाई के सपने दिखाएं जा रहे है। महीना 2 महिना चलाकर मोटी रकम इकठ्ठा कर यह मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी एमएलएम बिजनेस के रूप में ठगी कर गायब हो जाती है, और निवेशक पुलिस प्रकरण गिरफ्तारी और कोर्ट कचहरी कर लाखों की ठगी होने के बाद खाली हाथ रहता है। इसी तरह क्रिप्टों करेंसी शेयर टेडिंग तथा व्यापार में पार्टनर बनाने के नाम पर साइबर ठगी की जा रही है। शासन प्रशासन जनप्रतिनिधियों को जनता को लुटने से पहले ही इन ठगी गिरोह पर शिकंजा कसना चाहीए।

साथ की नगर में चल रही सभी क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसायटियों का सघन जांच, ऑडीट तथा संपत्तियों का बाजार मूल्य आधारित मूल्यांकन कराया जाना चाहीए। तथा समय रहते इन पर विधिवत कानूनी कार्यवाही की जाना चाहिए। ठगी में लगे बेरोजगारों के समूह क्रिप्टो करंसी शेयर ट्रेडिंग, बिजनेस पार्टनर, चैनल पार्टनर तथा प्रोडेक्ट बेस मार्केटिंग आदी में भ्रामक तथा फर्जी लोग लुभावने वादे तथा विज्ञापन टुर पेकेज आदि पर रोकथाम के लिये शहरी क्षेत्र में संचालित सभी कंपनियों तथा उनके कार्या का भौतिक सत्यापन तथा सघन जांच जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा की जाना चाहिए।

## रेवली देवली के पास हुआ भीषण सड़क हादसा, पुलिसकर्मी की हुई मौत




**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम रेवली देवली के समीप रविवार रात्रि 10 बजे के लगभग भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें कंटेनर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार पुलिसकर्मी की मौत हो गई। उज्जैन के महानंदा नगर निवासी निखिलेश सिंह की मौत हो गई । सूचना मिलने पर आला अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी जिला चिकित्सालय पहुंचे । बताया जा रहा है कि यह हादसा पुलिसकर्मी के मनासा से नीमच आने के दौरान हुआ। वर्तमान में निखिलेश सिंह नीमच पुलिस लाइन में पदस्थ था।

## बोराव में भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक में, एस आई आर पर चर्चा

**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार सोमवार को भारतीय जनता पार्टी भैंसरोड़गढ़ बोराव मंडल की बैठक बालाजी मंदिर बोराव में आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा और कार्यक्रम की अध्यशतामण्डल अध्यश सुनील जैन ने की मुख्य वक्ता कमलेन्द्र सिंह ने संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मतदाता अभियान की जानकारी दी एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारों दी गई बैठक में कमलेंद्र सिंह हाड़ा,सुनील जैन,रामस्वरूप गौड,ओम राठौर,उमेश शर्मा,लाभचंद राठौर,राम लाल भील,सुरेश लबाना, मनोज मेवाडा,विनोद जैन,शिवलाल धाकड़, धर्मेंद्र पूरी, फ़ोरू राठौर, ओम सेन आदी।

## शा.उ.मा.वि. झांतला मैं योग दिवस के रूप में मनाए गई स्वामी विवेकानंद जी जयंति



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झांतला में स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती योग दिवस के रूप में मनाई गई कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा व स्वामी जी के चित्र पर मुख्य अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री पारस जैन प्राचार्य शांतिलाल धाकड़ मनोहर लाल वर्मा भुवानी,राम मेघवाल, सुंदरलाल धाकड़, जनपद प्रतिनिधि राजेश शर्मा, कैलाश राठौड़ की उपस्थिति में दीप प्रचलित व माल्यार्पण कर की गई।

कार्यक्रम में सभी स्कूली छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सूर्य नमस्कार,योग, प्राणायाम की विभिन्न मुद्राएं की गई। इस अवसर पर जनपद प्रतिनिधि राजेश शर्मा ने कहा कि भारत देश ऋषि मुनियों साधु संतों व अवतारों का देश रहा है यहां की धर्म संस्कृति योग प्राणायाम आदि अनादि काल से चले आ रहे हैं। प्रथम सुख निरोगी काया को माना गया है अतः हम इस शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए नित्य नियमित योग प्राणायाम व सूर्य नमस्कार की विभिन्न क्रियाएं करते रहें तो हम बीमारियों से दूर रहेंगे वह शरीर स्वस्थ रहेगा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास करता है। आज हमारे देश के धर्म संस्कृति योग प्राणायाम विदेशी लोग सीख रहे हैं।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती योग दिवस के रूप में मनाई गई

### संदीपनी विद्यालय में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सांदीपनि विद्यालय सिंगोली में स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती योग दिवस के रूप में मनाई गई कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष सुरेशचंद जैन भाया बगड़ा उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ पार्षद प्रतिनिधि संजय सुथार सहीत सांदीपनि विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति में दीप प्रचलित व माल्यार्पण कर की गई।

कार्यक्रम में सभी स्कूली छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सूर्य नमस्कार,योग, प्राणायाम की विभिन्न मुद्राएं की गई। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष सुरेशचंद जैन भाया बगड़ा ने कहा कि सूर्य नमस्कार अपने आप में एक पूर्ण साधना है जिसमें आसन प्राणायाम मंत्र और ध्यान शामिल है इसका नियमित रूप से अभ्यास करने से हमारी आयु बढ़ती है और ज्ञान बढ़ता है इसके साथ ही ऊर्जा में भी विकास होता है सूर्य नमस्कार को अपने दिनचर्या में शामिल कर शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित कर सकते हैं। उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ ने कहा कि सूर्य नमस्कार सिर्फ साधना नहीं तमाम स्वास्थ्य समस्या दूर रखने का साधन भी है यह एक व्यायाम है जो शरीर को लचीलापन ताकत और सहनशक्ति देता है रक्त संचार और पाचन शक्ति सुधारता है तनाव कम करके मानसिक शांति और एकाग्रता बढाता है अतः हम इस शरीर को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखने के लिए नित्य नियमित योग प्राणायाम की क्रियाएं करते रहे तो बीमारियों से दूर रहेंगे इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में बालक बालिकाएं उपस्थित रहे।

# आयोग के रोल प्रेक्षक श्री बनोठ ने नीमच जिले में निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण कार्य पर संतोष जताया

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ोटो निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण, 2026 के तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार 12 जनवरी 2026 को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष नीमच में जिले के रोल प्रेक्षक आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश श्री श्रीकांत बनोट, की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी.एस.कलेश, तीनों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण उपस्थित थे।

बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कलेश ने रोल प्रेक्षक को विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के अंतर्गत आयोग के निर्देशानुसार नीमच जिले में अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। उन्होने बताया, कि प्रचलित गहन पुनरीक्षण के पूर्व नीमय जिले में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 745 थी, जो युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही के उपरांत अब 819 हो गई है। वर्तमान में आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसम्बर 2025 से दावा-आपत्ति प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। 23 दिसम्बर 2025 को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर फोटो निर्वाचक नामावली का प्रारुप प्रकाशन किया गया तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन कर फोटो रहित निर्वाचक नामावली की सीडी तथा फोटो सहित निर्वाचक नामावली का एक सेट बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया है। बैठक में बताया गया प्रारूप प्रकाशन की स्थित्ति मे पुरुष मतदाता-302317, महिला मतदाता-292141 एवं अन्य मतदाता-07, कुल मतदाताओं की संख्या 594465 तथा सर्विस वोटर 1164 है। प्रारूप प्रकाशन को स्थिति में जिले का जेण्डर रेश्यो 967 तथा इंपी रेश्यो 63.46 प्रतिशत है।

निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 की स्थिति में मृत-7732, अनुपस्थित-3968, स्थायी रूप से स्थानांतरित-12201 तथा दोहरी प्रविष्ठि के 1036 व्यक्ति पाए गए है। जिन्हें प्रारुप प्रकाशन की सूची शामिल नहीं किया गया है। गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 228 मनासा में 1245, 229-नीमच में 3715 एवं 230-जावद में 1157 मतदाता ऐसे पाए गए जिनकी मेपिंग पिछले गहन पुनरीक्षण, 2003 से नहीं होने के कारण उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित 12 वस्तावेजों में से कोई 01 दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किए गए है। ऐसे समस्त नोटिसों की सुनवाई की प्रकिया आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा स्तर पर निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन की जा रही है।

क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना कमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत Shri Roopchand Kachhawa S/o Shri Ramdev Kachhawa, Stone for M-Sand Quarry, Mining of minerals, Capacity: M-Sand 30,000 Cum/ Annum, Area 4.00 Hect. Khasra No. 1248 Near Village Fusariya, Tehsil Singoli District Neemuch (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर नीमच (2) कार्यालय जिला पंचायत, नीमच (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नीमच (4) कार्यालय ग्राम पंचायत फुसरिया तहसील सिंगोली जिला नीमच (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड कमांक–3, राजयोग भवन के पास ई–5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म0प्र0प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई–5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17,भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए **लोक सुनवाई दिनांक 18.02.2026 (बुधवार) को समय दोपहर 12:00 बजे से स्थान–ग्राम फुसरिया खदान क्षेत्र परिसर तहसील सिंगोली जिला नीमच (म.प्र.) में आयोजित की जायेगी,** जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

(क्षेत्रीय अधिकारी)
उज्जैन

# सम्पादकीय

## ऊर्जा से सत्ता तकः रूसी तेल पर अमेरिकी वार और भारत

विश्व राजनीति के बदलते परिदृश्य में ऊर्जा अब केवल ईंधन नहीं, बल्कि शक्ति, प्रभाव और रणनीति का सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है। जब तेल की धाराओं पर राजनीति हावी होती है, तब उसका असर सीधे राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था, जनता की जेब और विदेश नीति की स्वतंत्रता पर पड़ता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी इसी ऊर्जा-राजनीति का सबसे तीखा उदाहरण है। यह धमकी केवल रूस को नहीं, बल्कि भारत जैसे उभरते देशों को भी सीधे चुनौती देती है, जिनकी ऊर्जा सुरक्षा पिछले कुछ वर्षों से रूसी कच्चे तेल पर काफी हद तक निर्भर रही है। यह सवाल अब केवल तेल का नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक मंच पर उसकी निर्णय क्षमता का बन गया है।

ट्रंप की इस घोषणा ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में हलचल मचा दी है। यूक्रेन युद्ध को लगभग चार वर्ष पूरे होने के बाद अमेरिका ने रूस पर दबाव बढ़ाने के लिए नए हथकंडे अपनाए हैं। जनवरी 2026 में ट्रंप ने 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट ऑफ 2025' को समर्थन देकर स्पष्ट संकेत दिया कि जो भी देश रूसी तेल, गैस या यूरेनियम खरीदेगा, उसे भारी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ेगी। इस कानून के तहत अमेरिका ऐसे देशों के निर्यात पर 500 प्रतिशत तक द्वितीयक टैरिफ लगा सकता है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े आयातक इस नीति के सीधे निशाने पर हैं। यह कदम युद्ध के मैदान से बाहर आर्थिक मोर्चे पर लड़ा जा रहा एक आक्रामक संघर्ष है।

भारत के लिए यह स्थिति इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि पिछले चार वर्षों में रूसी तेल भारत की ऊर्जा रणनीति का महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है। पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने भारी छूट पर कच्चा तेल बेचना शुरू किया, जिससे भारत को महंगे मध्य-पूर्वी तेल पर निर्भरता कम करने का अवसर मिला। 2022 से 2025 के बीच कई महीनों में रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया और कुल आयात में उसकी हिस्सेदारी 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंची। इस सस्ते तेल ने न केवल भारत की रिफाइनरियों को राहत दी, बल्कि घरेलू स्तर पर मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में भी अहम भूमिका निभाई।

500 प्रतिशत टैरिफ की धमकी वैश्विक व्यापार इतिहास में लगभग अभूतपूर्व है। इतना ऊंचा शुल्क किसी भी देश के लिए अमेरिकी बाजार तक पहुंच को लगभग असंभव बना सकता है। भारत जैसे निर्यात-आधारित अर्थतंत्र के लिए यह बड़ा जोखिम है, क्योंकि अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। पहले ही 2025 में रूसी तेल खरीदने के कारण कुछ भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए जा चुके हैं। अब अगर यह दर 500 प्रतिशत तक पहुंचती है, तो इसका असर फार्मा, आईटी, टेक्सटाइल और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों पर पड़ सकता है। इस दबाव का उद्देश्य केवल रूस को अलग-थलग करना नहीं, बल्कि भारत जैसे देशों को अमेरिकी ऊर्जा और रणनीतिक ढांचे में मजबूती से बांधना भी है।

भारत की ऊर्जा सुरक्षा इस पूरे घटनाक्रम का सबसे संवेदनशील पहलू है। देश अपनी कुल तेल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। ऐसे में सस्ते और स्थिर आपूर्तिकर्ता का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। यदि रूसी तेल की आपूर्ति पूरी तरह बाधित होती है, तो भारत को फिर से महंगे विकल्पों की ओर लौटना पड़ेगा। इससे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है, जिसका सीधा असर आम नागरिक और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ेगा। वैश्विक बाजार में आपूर्ति घटने से तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका भी बनी रहेगी, जो विकासशील देशों के लिए दोहरी मार साबित हो सकती है।

हालांकि भारत इस दबाव के सामने निष्क्रिय नहीं है। सरकार और तेल कंपनियों ने समय रहते आपूर्ति के विविधीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अफ्रीकी देशों से तेल आयात बढ़ाया जा रहा है। घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए ओएनजीसी और निजी कंपनियों की परियोजनाओं को गति दी गई है। इसके साथ ही 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य की दिशा में तेजी से काम हो रहा है, ताकि भविष्य में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम की जा सके। यह रणनीति भारत को अल्पकालिक झटकों से उबरने और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का प्रयास है।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा प्रश्न भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का है। भारत की विदेश नीति हमेशा संतुलन और बहुपक्षीयता पर आधारित रही है। एक ओर अमेरिका के साथ रक्षा, प्रौद्योगिकी और क्वाड जैसी साझेदारियां हैं, तो दूसरी ओर रूस के साथ दशकों पुराने रणनीतिक और सैन्य संबंध। ट्रंप की नीति भारत को स्पष्ट रूप से एक पक्ष चुनने के लिए दबाव में डालती है। भारत ने हमेशा एकतरफा प्रतिबंधों का विरोध किया है और अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखा है। ऐसे में यह चुनौती भारत की कूटनीतिक परिपक्वता और आत्मविश्वास की भी परीक्षा है।

## खुशहाल परिवार के लिए बचपन से ही धर्म के नियमाचरणों का ज्ञान आवश्यक है



सहजयोग प्रवर्तिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने बच्चों के विकास के लिए किस प्रकार का वातावरण होना चाहिए इसका वर्णन करते हुए कहा है कि,

सर्वप्रथम हमें घर को सींचना होगा, घरों को सुसंस्कृत बनाना होगा- अपने बच्चों के लिए एक उपयुक्त घर बनाना आज बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य है, ये किया जाना चाहिए।

एक उपयुक्त घर वही है जहाँ आपसी स्नेह सम्बंधों में मधुरता हो, मिल जुलकर रहने का प्यार भरा वातावरण हो जहाँ सब लोग पारिवारिक मर्यादाओं का प्रसन्नता पूर्वक पालन करते हों और सर्वोपरि जहाँ ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा-विश्वास व भक्ति भावना हो।

घर की मर्यादा का प्रथम अंग है अभिवादन प्रणाम, नमस्कार। प्रत्येक घर में यह मर्यादा होनी चाहिए कि प्रातः सोकर उठते हुए और रात्रि को शयनार्थ जाते हुए सर्वप्रथम ईश्वरीय शक्ति को नमन करें। परिवार में छोटे अपने से बड़ों को प्रणाम करें व बड़ों के आदेशों का सहर्ष पालन करें। बड़ो को चाहिए कि छोटों को उत्तम, आवश्यक तथा उचित आदेश ही दें और छोटों के निवेदन पर समुचित ध्यान दें।

घर के लोग हास विनोद से युक्त हों हँसने और मुस्कराने वाले लोग सबके मन को मोह लेते हैं। तुम सब फूल बनो, फूल के समान सदा प्रफुल्ल रहो।

घर के लोगों को तृप्त यानी अपने जीवन में संतुष्ट होना चाहिए। (घरों में) अपने प्रेममय माता-पिता के माध्यम से बच्चों को जान लेना चाहिए कि पावन तथा निःस्वार्थ प्रेम ही जीवन में महत्वपूर्ण है तथा नैतिकता बहुमूल्यतम सद्गुण है, धन से भी कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है। घर में नियमित पूजा-अर्चना, आरती, स्तुति आदि से ऐसा धार्मिक परिवेश बनाएं जिससे बच्चे के मन मे परमात्मा के विषय में जानने की जिज्ञासा उत्पन्न हो। बचपन से ही परमात्मा के साथ उसे जोड़े। उसे बताइये कि ये हम सबके परमपिता हैं, उन्होंने ही सबको बनाया है, वह हमें प्यार करते हैं, रक्षा करते हैं पर उनके नियम कठोर हैं, वह सजा भी देते हैं। ...... सर्वशक्तिमान परमात्मा के नियमाचरणों का ज्ञान बच्चों को होना चाहिए। बच्चों को समझना चाहिए कि कितनी विविधता के साथ परमात्मा ने एक विश्व की रचना की है... और प्रकृति कैसे एक दिव्य अनुशासन बद्ध है।

सहजयोग ध्यान द्वारा बच्चों में इन गुणों को सहज ही विकसित किया जा सकता है व उनके भविष्य को सुसंस्कृत व खुशहाल बनाया जा सकता है।

# लोकजीवन, कृषि-संस्कृति और सामूहिक चेतना का पर्व है लोहड़ी

लोहड़ी वैसे तो पूरे उत्तर भारत में मनाया जाता है, लेकिन यह मुख्य रूप से पंजाब की जीवंत संस्कृति और कृषि प्रधान जीवन का दर्पण है।पंजाब कृषि प्रधान राज्य है और लोहड़ी का सीधा संबंध किसान जीवन से है। यह वह समय होता है जब रबी की फसल, विशेषकर गेहूं, खेतों में अच्छी तरह बढ़ रही होती है। कड़ाके की ठंड के बावजूद किसान के श्रम का फल आकार लेने लगता है। लोहड़ी किसानों के लिए परिश्रम के सम्मान और भविष्य की समृद्धि की कामना का पर्व है। यह पर्व प्रकृति, भूमि, सूर्य और अग्नि के प्रति आभार प्रकट करने का माध्यम बनता है।देखा जाए तो यह पर्व एक प्रकार से प्रकृति और संस्कृति का संगम है।प्रतिवर्ष 13 जनवरी को मनाया जाने वाला यह पर्व शीत ऋतु की विदाई और सूर्य के उत्तरायण होने का स्वागत करता है।

लोहड़ी पौष के अंतिम दिन, सूर्यास्त के बाद (माघ संक्रांति से पहली रात) यह पर्व मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो लोहड़ी केवल ऋतु-पर्व नहीं, बल्कि उससे जुड़ी पौराणिक स्मृतियों और पारिवारिक संस्कारों का उत्सव है। अग्नि प्रज्वलन को सती के योगाग्नि-दहन की प्रतीकात्मक स्मृति माना जाता है, वहीं विवाहित बेटियों को मायके से भेजी जाने वाली मिठाइयां, वस्त्र, रेवड़ियां, मूंगफलियां, गज्जक आदि माता-पिता के स्नेह और सामाजिक दायित्व का संकेत है। दक्ष प्रजापति द्वारा यज्ञ में भगवान् शिव का भाग न देने की भूल का प्रायश्चित्त भी इस परंपरा में निहित दिखता है। इसी भावभूमि पर उत्तर भारत के 'खिचड़वार' और दक्षिण भारत के 'पोंगल' जैसे समकालीन पर्वों में भी बेटियों को भेंट देने की परंपरा दिखाई देती है, जो सांस्कृतिक एकता और पारिवारिक संबंधों की निरंतरता को रेखांकित करती है।बहरहाल,यदि हम यहां पर लोहड़ी के इतिहास की बात करें तो लोहड़ी मुख्यतः पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश का प्रमुख लोकपर्व है, जो रबी की फसल के आगमन का प्रतीक है।

वैदिक काल से अग्नि को जीवनदायिनी शक्ति माना जाता रहा है। लोकमान्यताओं के अनुसार यह पर्व दुल्ला भट्टी से भी जुड़ा है, जिन्हें पंजाब का रॉबिनहुड कहा जाता है। जानकारी मिलती है कि दुल्ला भट्टी का असली नाम राय अब्दुल्ला खान भट्टी था।उन्होंने मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल के दौरान मुगल शासन के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था।उनका जन्म पंजाब क्षेत्र के संदल बार (वर्तमान पाकिस्तान में पिंडी भट्टियां) में एक राजपूत मुस्लिम परिवार(भट्टी राजपूत वंश) में हुआ था तथा आपके पिता का नाम फरीद खान भट्टी और दादा का नाम संदल भट्टी था। लोककथाओं के अनुसार, दुल्ला के जन्म से कुछ समय पहले अकबर ने उनके पिता और दादा को विद्रोह के कारण फांसी दे दी थी। दुल्ला भट्टी को गरीबों का मसीहा कहा जाता है, क्यों कि वे अमीर जमींदारों को लूटते थे और लूट का माल गरीबों और जरूरतमंदों में बांट देते थे। मुगल काल में जब लड़कियों को गुलामी के लिए बेचा जाता था, तब दुल्ला भट्टी ने कई लड़कियों को तस्करों से बचाया। पाठकों को बताता चलूं कि दुल्ला भट्टी की सबसे प्रसिद्ध कहानी सुंदरी और मुंदरी नाम की दो अनाथ लड़कियों से जुड़ी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनके चाचा उन्हें एक राजा को बेचना चाहते थे, लेकिन दुल्ला भट्टी ने उन्हें बचाया। उन्होंने जंगल में आग जलाकर उन दोनों की शादी योग्य हिंदू लड़कों से करवाई और खुद उनका कन्यादान किया तथा शगुन के तौर पर उस समय उन्होंने लड़कियों को एक सेर शक्कर (चीनी) भेंट की थी।

आज भी पंजाब और उत्तर भारत में लोहड़ी का त्योहार दुल्ला भट्टी की याद में मनाया जाता है।लोहड़ी की आग के चारों ओर लोग इकट्ठा होकर प्रसिद्ध लोकगीत गाते हैं-सुंदर मुंदरिये हो, तेरा कौन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो...। उल्लेखनीय है कि यह गीत लोहड़ी के अग्नि-पूजन, फसल की खुशहाली, नवविवाहितों व नवजात शिशु के मंगलकामना तथा लोकनायक दुल्ला भट्टी के साहस और दानशीलता की स्मृति से जुड़ा है।सच तो यह है कि दुल्ला भट्टी का चरित्र लोहड़ी को केवल पर्व नहीं, बल्कि न्याय, साहस और सामाजिक संवेदना का प्रतीक बनाता है। लोहड़ी गीत गाते हुए लोग अग्नि में लकड़ी, तिल, गुड़, मूंगफली आदि अर्पित करते हैं।दुल्ला भट्टी ने मुग़ल काल में अत्याचारों से पीड़ित बेटियों का विवाह करवाया, इसलिए आज भी लोहड़ी के गीतों में उसका उल्लेख होता है।वास्तव में यह गीत उनकी वीरता और लड़कियों के प्रति उनके सम्मान को समर्पित है।नवविवाहितों और नवजात शिशु के लिए पहली लोहड़ी विशेष महत्व रखती है, जैसा कि इसे समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है।लोहड़ी की अग्नि में डाली जाने वाली सामग्री (तिल, गुड़, मूंगफली) ऊर्जा और उष्मा देने वाली होती है, जो सर्दी के मौसम के अनुरूप है। बहरहाल, यदि हम यहां पर लोहड़ी शब्द की उत्पत्ति की बात करें तो इसकी उत्पत्ति 'लोई' यानी कि गुड़ की रोटी या 'लोह' (अग्नि) से मानी जाती है। कुछ लोग इसे 'तिलोड़ी' अर्थात तिल और गुड़ से बनी वस्तुओं से संबंधित मानते हैं।

लोकमान्यता यह भी है कि लोहड़ी का नाम सूर्य और अग्नि की आराधना से जुड़ा है, जो जीवन के आधार माने जाते हैं। वास्तव में सच तो यह है कि, यह पर्व खगोलीय परिवर्तन से भी जुड़ा है, क्यों कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश से दिन बड़े होने लगते हैं। पहले लोहड़ी को सामूहिक लोकपर्व के रूप में मनाया जाता था, जहाँ गाँव की स्त्रियाँ बच्चों के साथ घर-घर जाकर गीत गाती थीं।लोहड़ी लोहड़ी लकड़ी,जिवै थारी बकरी।लकड़ी में तोतो, जिवै थारो पोतो। दाने पां दे सेर,तूं जां बच्चा चेर। आगे अग्ग बाले,पिछे घोड़े काले।घोड़ा-काठी आई, लोहड़ी मनाई। गीत तो आज भी बच्चों में बहुत लोकप्रिय है। बच्चे घर घर जाते हैं और लोहड़ी की बधाई मांगते हैं। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि लोहड़ी के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न नाम हैं। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में इसे लोहड़ी, हिमाचल प्रदेश में इसे माघी और लोहड़ी दोनों के नाम से जाना जाता है।

उत्तर भारत में इसे मकर संक्रांति पर्व कहा जाता है। वैसे मकर संक्रांति पर्व का आगमन लोहड़ी के ठीक एक दिन बाद होता है। गुजरात में लोहड़ी पर्व को उत्तरायण, महाराष्ट्र में मकर संक्रात, बंगाल में पौष संक्रांति, तमिलनाडु में पोंगल तथा असम में इसे भोगाली बिहू के नाम से जाना जाता है जो भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। जो भी हो इस पर्व को अलग-अलग नामों से पूरे देश में मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो लोहड़ी केवल एक पर्व मात्र नहीं, है बल्कि यह तो हमारी लोकसंस्कृति, ऋतु परिवर्तन और सामाजिक एकता का उत्सव है। यह हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, परंपराओं से जुड़ाव और सामूहिक आनंद का संदेश देती है। मूल भाव यह है कि यह पर्व नई फसल (रबी) की खुशी, सामूहिक भाईचारे और अग्नि की पवित्रता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। लोहड़ी के दिन लकड़ियों के अलाव के चारों ओर लोकगीत, भांगड़ा और गिद्दा के साथ लोग आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट होते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि तिल, गुड़ और गजक की मिठास के साथ यह त्योहार जीवन में नई ऊर्जा, संपन्नता और सामाजिक समरसता का संचार करता है। लोहड़ी पर्व में अग्नि का प्रतीकात्मक महत्व है क्यों कि लोहड़ी का सबसे प्रमुख तत्व अग्नि है।

सूर्यास्त के बाद खुले मैदान या घर के आंगन में आग जलाई जाती है। अग्नि को साक्षी मानकर लोग उसकी परिक्रमा करते हैं और जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि उसमें तिल, मूंगफली, रेवड़ी, गजक, पॉपकॉर्न आदि अर्पित करते हैं। अग्नि यहाँ केवल भौतिक ऊष्मा का स्रोत नहीं, बल्कि शुद्धि, ऊर्जा और नवजीवन का प्रतीक है। यह अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का संकेत भी देती है। लोहड़ी पर्व लोकगीतों, ढोल और नृत्य बिना अधूरा है।नृत्य और संगीत ऊर्जा, उत्साह और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।इस पर्व का सामाजिक और पारिवारिक महत्व है।यह पर्व विशेष रूप से नवविवाहित जोड़ों और नवजात शिशुओं के लिए खास माना जाता है। परिवार और समाज मिलकर उन्हें आशीर्वाद देते हैं, उपहार देते हैं और सामूहिक रूप से उत्सव मनाते हैं। इससे सामाजिक स्वीकृति, पारिवारिक एकता और परंपराओं की निरंतरता बनी रहती है। लोहड़ी रिश्तों में गर्माहट और आपसी सहयोग की भावना को प्रबल करती है।लोहड़ी बच्चों के लिए केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक शिक्षा का माध्यम भी है, जिसके द्वारा वे अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। अंत में यही कहूंगा कि आधुनिकता और शहरीकरण के बावजूद भी आज लोहड़ी की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। शहरों में भी सामूहिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक संध्याएँ और सामाजिक आयोजन होते हैं। प्रवासी पंजाबी समुदाय, चाहे वह भारत के अन्य राज्यों में हो या विदेशों में, लोहड़ी के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखता है। यह पर्व उन्हें अपनी मातृभूमि और परंपराओं से भावनात्मक रूप से जोड़ता है।यह बहुत ही अच्छी बात है कि आज के समय में लोहड़ी मनाने के तरीकों में पर्यावरणीय चेतना का समावेश भी आवश्यक हो गया है। सीमित और सुरक्षित अग्नि, स्वच्छता और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ उत्सव मनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह दर्शाता है कि परंपराएँ समय के साथ स्वयं को संतुलित और प्रासंगिक बनाती हैं।निष्कर्षतः यहां यह बात कही जा सकती है कि लोहड़ी पंजाब की जीवंतता और सांझी विरासत का उत्सव है,जो पूरे भारत व विदेशों में भी हर्षोल्लास,खुशी और उमंग के साथ मनाया जाता है।यह पर्व कड़ाके की ठंड (कठिनाइयों) पर अग्नि (आशा, विश्वास और ऊर्जा) की विजय का प्रतीक है। दुल्ला भट्टी जैसी लोककथाओं के माध्यम से यह हमें सामाजिक न्याय और सामूहिकता का पाठ पढ़ाता है। अंततः, लोहड़ी हमें अपनी जड़ों और मिट्टी से जुड़े रहकर, प्रकृति के उपहारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और समाज के साथ मिल-जुलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

-सुनील कुमार महला

## डिजिटल लत से मुक्ति

कोरोना संकट ने जहां ऑनलाइन शिक्षा के जरिये छात्रों को पढ़ाई का कारगर विकल्प दिया, तो वहीं छात्र-छात्राओं को डिजिटल एडिक्शन का शिकार भी बना दिया। मां-बाप को लगता था कि बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई में व्यस्त हैं, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चे ऑनलाइन गेम की लत के शिकार बने हुए थे। हाल के दिनों में पढ़ाई के माध्यमों और जीवनशैली में बदलाव के चलते बच्चे तेजी से डिजिटल लत के शिकार होने लगे हैं। मगर उन्हें ये सब सामान्य लगता था। यदि मां-बाप उन्हें इससे रोकते हैं, तो टोका-टाकी उन्हें बर्दाश्त नहीं होती है। उनका व्यवहार आक्रामक भी होने लगता है। कहीं-कहीं तो मां-बाप की सख्ती के बाद छात्रों के आत्महत्या करने के मामले भी सामने आए। केरल में सिर्फ पलक्कड़ में चार साल के भीतर 41 बच्चों द्वारा आत्महत्या करने के दुखद समाचार आए, जिसने प्रशासन और अभिभावकों की नींद उड़ा दी। डिजिटल लत से बच्चों को मुक्त करने के लिए केरल सरकार ने नई पहल की। पलक्कड़ में छह डि-एडिक्शन सेंटर शुरू किए हैं, जिनमें बच्चों की काउंसलिंग की जाती है। यहां मौजूद साइकोलॉजिस्ट लत के शिकार बच्चों का इंटरनेट एडिक्शन टेस्ट करते हैं, जिससे पता लगाया जाता है कि लत का स्तर क्या है। जिसके आधार पर उनकी काउंसलिंग की जाती है। इसके लिए जहां कुछ एक्सरसाइज करायी जाती हैं, वहीं दूसरी रचनात्मक गतिविधियों से इसे छुड़ाने की कोशिश की जाती है। इस दौरान एक-एक घंटे के दस-पंद्रह सेशन कराये जाते हैं। सुखद है कि चार-पांच सेशन के बाद सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

दरअसल, डिजिटल लत के शिकार बच्चों को यह बताना कठिन होता है कि वे डिजिटल लत के शिकार हैं। वे मानने को तैयार ही नहीं होते कि वे कुछ असामान्य कर रहे हैं। उनके लिये यह व्यवहार सामान्य घटनाक्रम है। लेकिन डि-एडिक्शन सेंटर में काउंसलिंग और कुछ सेशन के बाद उन्हें लगता है कि कुछ गड़बड़ जरूर है। दरअसल, सोशल मीडिया का जाल हमारे समाज का ग्रास इतनी तेजी से कर रहा है, बच्चों को लगता ही नहीं कि वे कुछ असामान्य कर रहे हैं। जिसके चलते किशोर, इससे रोकने पर आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। कुछ मामलों में वे अवसादग्रस्त होने लगते हैं या फिर उनके मन में आत्महत्या के विचार आने लगते हैं। यह सुखद है कि पलक्कड़ में पिछले दो साल में साढ़े बारह सौ बच्चों को डिजिटल लत से मुक्ति दिलायी गई है। बच्चे मानसिक रूप से खुद को स्वस्थ महसूस कर रहे हैं।

-डॉ विजय गर्ग

# लोकतंत्र देश के आर्थिक विकास का पैमाना

आजादी के 77 वर्ष के व्यतीत हो जाने के बाद स्वाधीनता एवं लोकतंत्र की आस्था का सही मूल्यांकन अपनी बाट जोह रहा है। लोकतंत्र की यथार्थ सीमाओं में वित्तीय विकास और प्रयास, हमे वैश्विक स्थापना प्रदान करते हैं।आर्थिक विकास के बिना लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत आधार स्तम्भ नहीं दे सकतीं हैं। मजबूत वित्तीय प्रबंधनऔर संवैधानिकता की जुगलबन्दी जी देश के चहुमुखी विकास को मूर्तरूप दे सकतें हैं। हमें स्वतंत्रता अथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास को हमें अनंत काल तक बनाए रखना है और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2024 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया हैद्य वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 141 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है।

धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पायाद्य वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाएद्य संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पायाद्य हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगाद्य केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती हैद्य गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है।

हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगाद्य यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता हैद्य भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा हैद्य जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय है।

इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया हैद्य जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैंद्य 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैंद्य हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है द्य भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है।

सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी हैद्य संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही हैद्य सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही हैद्य आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी हैद्य भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 73 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी हैद्य हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

-संजीव ठाकुर

# बचत और खर्च का असंतुलनः नये भारत के लिए बड़ी चुनौती

महामारी के बाद की दुनिया केवल स्वास्थ्य के स्तर पर ही नहीं, बल्कि आर्थिक सोच और व्यवहार में भी एक बड़े संक्रमण से गुज़री है। वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव, बढ़ती महंगाई, तकनीक-आधारित बाजार और उपभोक्तावादी संस्कृति के तीव्र प्रसार ने लोगों की खर्च करने की प्रवृत्ति को असाधारण रूप से बढ़ा दिया है। इस बदलाव का सबसे गहरा असर घरेलू बचत पर पड़ा है। भारत सहित अनेक देशों में घरेलू बचत दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उपभोग बढ़ रहा है, लेकिन भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक बचत निरंतर घटती जा रही है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चिंता का विषय भी बनती जा रही है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू बचत सदैव विकास की रीढ़ रही है। बुनियादी ढांचे से लेकर औद्योगिक निवेश तक, भारत की विकास गाथा में घरेलू बचत की भूमिका निर्णायक रही है। परंतु आज स्थिति यह है कि विशेषकर युवा पीढ़ी में बचत की दर 10 से 15 प्रतिशत तक सिमट गई है। यह आंकड़ा किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब बचत और खर्च के बीच असंतुलन एक गंभीर चेतावनी के रूप में सामने आ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में युवाओं की भूमिका को हमेशा निर्णायक माना है और वे बार-बार यह संदेश देते रहे हैं कि बचत केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उनके अनुसार उपभोग से पहले बचत की संस्कृति युवाओं में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और दीर्घकालिक सोच का विकास करती है। जन-धन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल बचत और निवेश के माध्यमों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि छोटे-छोटे नियमित निवेश भविष्य की बड़ी आर्थिक शक्ति बनते हैं। मोदी का विचार है कि जब युवा वर्ग आज अनावश्यक खर्च से बचकर बचत और उत्पादक निवेश की ओर अग्रसर होगा, तभी भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकेगी; क्योंकि आत्मनिर्भर युवा ही सशक्त भारत की सबसे बड़ी पूंजी है।

भारतीय परंपरा में बचत को केवल आर्थिक क्रिया नहीं, बल्कि एक सद्गुण माना गया है। ÷आज की बचत, कल का संबल÷ जैसी कहावतें हमारे सामाजिक व्यवहार का हिस्सा रही हैं। गृहस्थ जीवन में संतुलन, संयम और संचय को जीवन-मूल्य के रूप में स्वीकार किया गया। बच्चों की गुल्लक, अनाज के कोठार, गहनों के रूप में सुरक्षित धन, और त्योहारों पर सीमित व सादगीपूर्ण खर्च-ये सब भारतीय जीवनशैली के अभिन्न अंग थे। संकट के समय भारतीय परिवार किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय अपनी जमा पूंजी और संसाधनों पर भरोसा करता था। यह आत्मनिर्भरता भारतीय समाज की शक्ति रही है। लेकिन बदलती जीवनशैली और बाजार-प्रेरित संस्कृति ने इस परंपरा को कमजोर किया है। आज 'जियो अभी' की मानसिकता, आसान कर्ज, ईएमआई संस्कृति, क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन शॉपिंग और सोशल मीडिया पर दिखावे की प्रतिस्पर्धा ने खर्च को एक प्रकार की पहचान बना दिया है। उपभोग अब आवश्यकता से अधिक आकांक्षा से संचालित होने लगा है। अनुभवों, ब्रांड और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता देने से दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा पीछे छूटती जा रही है। विशेषकर जेन-जी और युवा मिलेनियल पीढ़ी के लिए बचत एक बोझ या भविष्य की अस्पष्ट चिंता जैसी प्रतीत होने लगी है। यह स्थिति भारतीय दर्शन की मूल भावना के विपरीत है। भारतीय विचार परंपरा न अति भोग की पक्षधर है, न अति त्याग की। संयम, संतुलन और विवेक का मार्ग ही श्रेष्ठ माना गया है। यही सिद्धांत आर्थिक जीवन में भी लागू होता है। उपभोग आवश्यक है, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था गतिशील रहती है, रोजगार सृजन होता है और नवाचार को प्रोत्साहन मिलता है। परंतु जब खर्च अनियंत्रित हो जाए और बचत उपेक्षित हो जाए, तब व्यक्ति ही नहीं, समाज और राष्ट्र भी असुरक्षित हो जाते हैं।

अनुभवों, ब्रांड और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता देने से दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा पीछे छूट रही है। भारतीय आर्थिक सोच में बचत को आर्थिक सुरक्षा और विकास का आधार माना जाता है, जहाँ घर-परिवार की आय का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 70 प्रतिशत) घरेलू बचत से आता है, जो सोने, स्थायी जमा और पीपीएफ जैसी योजनाओं में होता है, लेकिन नई पीढ़ी में 'खर्च करो' की सोच बढ़ी है, जिससे बचत की दरें घट रही हैं, जबकि वित्तीय साक्षरता और सरकारी योजनाओं (पीपीएफ, एनएससी, सुकन्या समृद्धि) के जरिए इसे फिर से बढ़ाने पर जोर है, क्योंकि बचत से ही निवेश और आर्थिक विकास संभव है। आज की वैश्विक परिस्थितियां इस असुरक्षा को और गहरा कर रही हैं। भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध, जलवायु संकट, तकनीकी बदलाव और रोजगार की अनिश्चितता यह संकेत देती है कि भविष्य पहले से अधिक अस्थिर है।

-ललित गर्ग

# प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट

**मात्र 48 घंटे के भीतर अंधेकत्ल का पर्दाफाश,थाना सिविल लाईन पुलिस की प्रभावी कार्यवाही**



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिनांक 08-09.01.2026 की दरमियानी रात को थाना सिविल लाईन पर सूचना प्राप्त हुई कि नौशराबाद बायपास पशु हाट के पास उज्जैनङ्कदेवास बायपास मेन रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश रोड पर पड़ी है । सूचना पर से तत्काल थाना प्रभारी सिविल लाईन मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे एवं घटनास्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण कर उक्त घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया । मृतक की पहचान राकेश मालवीय पिता देवीसिंह मालवीय उम्र 42 साल निवासी साईनाथ कॉलोनी देवास के रूप में हुई ।

बाद थाना सिविल लाईन पर मर्ग क्रमांक 03/2026 धारा 194 BNSS का पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर मृतक के शव को पी.एम. हेतु जिला अस्पताल देवास भेजा गया । पी.एम. रिपोर्ट की प्राप्ति उपरान्त मर्ग जांच पर से थाना सिविल लाईन पर अपराध क्रमांक 09/2026 धारा 103(1) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा हत्या के आरोपियो को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरा चैक किये गये,जिनमें आरोपियो द्वारा घटना कारित करने उपरान्त भागना कैद हुआ । विश्वसनीय मुखबिर सूचना एवं सीसीटीव्ही फुटैज के आधार पर संदेही मृतक की पत्नी से प्रारंभिक पूछताछ मे मृतक की पत्नी के द्वारा अपने साथी देवेन्द्र एवं अन्य 02 लोगो के साथ पति की हत्या की साजिश रचकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया । तत्पश्चात विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर से घटना में शामिल अन्य तीनों आरोपियो को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

तरीका वारदात- मृतक की पत्नि एवं देवेन्द्र दोनों जिला इंदौर में एक क्लेम एक्सपर्ट वकील के यहां कार्य करते थे । जहां मृतक की पत्नि एवं आरोपी देवेन्द्र यादव के मध्य प्रेम प्रसंग होने से,मृतक की पत्नि के द्वारा अपने पति राकेश को रास्ते से हटाकर घटना को एक्सीडेंट दर्शाकर बीमा क्लेम प्राप्त करने की योजना बनाई गई । जिस हेतु आरोपी देवेन्द्र ने अपने मित्र संजय उर्फ संजू (पूर्व में शुजालपुर सिटी अस्पताल की मरचुरी में कार्यरत) एवं उसके भतीजे मनीष उर्फ रोहित को पैसों का लालच देकर शामिल किया । योजना अनुसार दिनांक 08.01.2026 को आरोपीगण इंदौर से देवास आए। मृतक की पत्नि ने अपने पति को बियर में नींद की गोली मिलाकर पिला दी। पति के सो जाने के बाद आरोपी देवेन्द्र एवं संजय उर्फ संजू ने घर में घुसकर ऑपरेशन में उपयोग होने वाली ब्लेड से उसका गला काटकर हत्या कर दी । घटना के बाद मृतक की पत्नि ने खून से सने कपड़े धोकर सबूत मिटाए। इसके पश्चात आरोपी देवेन्द्र एवं संजय मृतक के शव को मृतक की मोटरसाईकिल के बीच में रखकर तीसरे आरोपी मनीष उर्फ रोहित को कार से बुलाया एवं तीनों ने शव को नौशराबाद बायपास पशु हाट के पास उज्जैनङ्कदेवास बायपास रोड पर फेंक दिया । घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए मृतक की मोटरसाईकिल में तोड़फोड़ कर आरोपीगण फरार हो गए । जिन्हे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार आरोपी- देवेन्द्र पिता हटेसिंह यादव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम नलखेड़ा थाना मधुसूदनगढ़ जिला गुना, हाल निवासी लुनियापुरा थाना रावजी बाजार जिला इंदौर।

संजय उर्फ संजू पिता धूलजी वाल्मिकी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भेसाना थाना बोड़ा जिला राजगढ़, हाल निवासी कृष्णबाग कॉलोनी थाना खजराना जिला इंदौर।

मनीष उर्फ रोहित पिता हरीसिंह वाल्मिकी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम भेसाना थाना बोड़ा जिला राजगढ़, हाल निवासी भूरी टेकरी थाना कनाडिया जिला इंदौर।

मृतक की पत्नि ।

आपराधिक रिकॉर्ड- देवेन्द्र पिता हटेसिंह यादव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम नलखेड़ा थाना मधुसूदनगढ़ जिला गुना, हाल निवासी लुनियापुरा थाना रावजी बाजार जिला इंदौर ।

सराहनीय कार्य- उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक श्री हितेश पाटिल,उनि पर्वत सिंह परिहार,सउनि राकेश तिवारी,संध्या पांडे,प्रआर पवन पटेल, घनश्याम अर्जने,मप्रआर प्रीति मालवीय,आर अरूण चावड़ा,हितेश कुशवाह,मातादीन,जितेन्द्र सिसौदिया एवं सायबर सेल टीम में प्रआर सचिन चौहान,शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही ।

## युवा दिवस पर गूंजे भारत माता व विवेकानंद जी के जयकारे



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय पर सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का भी आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व बच्चों ने भाग लेकर सूर्य नमस्कार किया। इस दौरान भारत माता की जय व स्वामी विवेकानंद अमर रहे के नारे भी लगाए गए। कार्यक्रम के लिए सुबह 9 बजे से ही शासकीय व निजी स्कूलों, कॉलेजों के विद्यार्थी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के सदस्य मैदान में जुटने लगे थे। सुबह 9.30 बजे विधायक अरुण भीमावद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इसके बाद प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया और राष्ट्रगान का गायन हुआ। इस दौरान तीन चरणों में 12 मुद्राओं वाला सामूहिक सूर्य नमस्कार था। इसके बाद योग और प्राणायाम भी कराया गया। इस दौरान मैदान में भारत माता की जय और स्वामी विवेकानंद अमर रहें के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाओं में असमानता भी सामने आई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के लिए गद्दे व चादर के साथ अलग बैठने की व्यवस्था थी,

## युवा दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन ÷युवा दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर में आयोजित किया गया है। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विधायक श्री सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर और कलेक्टर श्री बालागुरू के. सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारी कर्मचारियों एवं नागरिकों के साथ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। इस अवसर पर आकाशवाणी के माध्यम से राष्ट्रगीत, 'स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रिकॉर्डेड संदेश तथा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने कहा कि शरीर को निरोगी रखने के लिए प्रतिदिन योग और सूर्य नमस्कार करना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे हमारी दृष्टि सकारात्मक होती है और हमारे काम करने की क्षमता भी बढ़ जाती है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्ण जी राव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास के एनसीसी इकाई, एनएसएस इकाई, क्रीड़ा विभाग, इको क्लब द्वारा IQAC सेल के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस बनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित किए गए जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य विजय मालवीय मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल धार रहे।



सर्वप्रथम संस्कार हॉल में सूर्य नमस्कार का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों ओर सभी उपस्थित स्टाफ को दिखाया गया इसके पश्चात महाविद्यालय प्रांगण मे स्थित बास्केटबाल कोर्ट में स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात सूर्य सभी उपस्थित सदस्यों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राणा सर ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन प्रसंग पर उद्बोधन दिया कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय सिंह बरौनियां ने किया तथा आभार डॉ संजय गाडगे ने व्यक्त किया ।

गतिविधि की अगली कड़ी में महाविद्यालय के प्राचार्य के नेतृत्व में महाविद्यालय से महाराजा तुकोजीराव पवार स्टेडियम तक स्वदेशी अपनाने के उर्जावान नारे के साथ रैली निकाली गई तथा स्टेडियम में विद्यार्थियों के लिए रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया गया जिसमें 23 बालक, 16 बालिका एवं 10 स्टाफ ने भाग लिया । इस अवसर पर डॉ आरके मराठा, डॉ अनारे, डॉ सीमा सोनी, डॉ ममता लावरे, डॉ लता धूपकरिया के साथ महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

## मातृ-शिशु स्वास्थ्य के सुधार में कारगर साबित हो रही मातृवंदना योजना



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए कल्याण के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना भी उन्हीं योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उचित पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें एवं जन्म लेने वाले शिशु में पोषण संबंधी किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो।

सीहोर निवासी श्रीमती सोनाली लोधी भी उन महिलाओं में एक हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना का लाभ मिला है। श्रीमती सोनाली कहती हैं कि इस योजना के तहत मिली सहायता राशि से उन्होंने अपने और अपने शिशु के स्वास्थ्य की विशेष देखभाल की। श्रीमती सोनाली ने बताया कि उन्होंने गर्भावस्था के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में अपना पंजीयन कराया और योजना के तहत उन्हें पांच हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। इस आर्थिक सहायता से श्रीमती सोनाली ने अपने पोषण पर विशेष ध्यान दिया, जिससे उनकी गर्भावस्था स्वस्थ रही और शिशु का जन्म सुरक्षित तरीके से हुआ। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना से श्रीमती सोनाली लोधी जैसी अनेक माताएं लाभान्वित हो रही हैं।

# चाईनीज मांझे से पतंग उड़ाई तो खैर नहीं

**पुलिस ने कराई मुनादी, ड्रोन व दूरबीन से की नगर की निगरानी**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मौत का मांझा बन चुकी चाईनीज डोर को लेकर प्रशासन द्वारा पूरी तरह सख्ती कर दी गई है। फिर भी यह चोरी छुपे नगर में बेची जा रही है। जिसके चलते सोमवार को पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों की सुरक्षा को देखते हुए नगर में मुनादी करवाई कि यदि कोई चायनइज मांझा बेचते या उपयोग करते पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सोमवार को शहर में अभियान चलाया। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों की सुरक्षा और मांझे की अवैध बिक्री समेत उपयोग पर रोक लगाना था। अभियान के दौरान पुलिस की टीमें शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर पहुंचीं। पुलिस ने माइक से घोषणा कर दुकानदारों और आम लोगों को सचेत किया कि चाइनीज मांझे की खरीद-बिक्री और उपयोग अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई।

पुलों का निरीक्षण और सुरक्षा उपाय - हादसों को रोकने के लिए पुलिस टीमों ने शहर के सभी प्रमुख पुलों का जायजा लिया। इस दौरान वहां लगे सुरक्षा तारों और फेंसिंग की स्थिति जांची गई। साथ ही पतंग बाजार की दुकानों पर जाकर व्यापारियों को प्रतिबंधित मांझा न बेचने की सख्त हिदायत दी गई। इसके अलावा पुलिस ने निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया। ड्रोन कैमरों के जरिए आसमान से नजर रखी गई, वहीं पुलिस जवान छतों पर चढ़कर दूरबीन से पतंग उड़ाने वालों की जांच करते दिखे। इसके अलावा पहली बार इस काम में श्वज्रश् वाहन का भी इस्तेमाल किया गया।

वाहन चालकों को भी किया सचेत- पुलिस ने दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपनी गाड़ियों पर सुरक्षा गार्ड लगवाएं ताकि गले या शरीर में मांझा फंसने जैसी घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस का मानना है कि इस सख्ती और जागरूकता से हादसों में कमी आएगी।

## सिंहस्थ 2028 की तैयारीः अमलतास अस्पताल में CHO अधिकारियों को दिया जा रहा जीवन रक्षक सीपीआर प्रशिक्षण



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी सिंहस्थ 2028 के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शासन और प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। कुछ समय पूर्व ही सिंहस्थ 2028 में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर श्रीमति ज्योति शर्मा जिला पंचायत सीईओ एवं सीएमएचओ महोदय उज्जैन श्री अशोक पटेल जी द्वारा बैठक की गई थी जिसके अंतर्गत अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (अमलतास अस्पताल) देवास में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

अमलतास मेडिकल कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत आपातकालीन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली अग्रवाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। जिसमें प्रतिदिन 50-50 CHO अधिकारियों के बैच को ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही अधिकारियों को सिखाया जा रहा है कि हृदय गति रुकने या सांस लेने में तकलीफ होने जैसी आपातकालीन स्थितियों में तुरंत कैसे प्रतिक्रिया दें।

अमलतास वेलफ़ेअर सोसायटी के चेयरमेन द्वारा बताया गया की सिंहस्थ महापर्व के दौरान भारी भीड़ के कारण कई बार एंबुलेंस या विशेषज्ञों तक पहुँचने में समय लग सकता है। ऐसे में मौके पर मौजूद प्रशिक्षित स्वास्थ्य अधिकारी सीपीआर के माध्यम से मरीज की जान बचा सकते हैं। अमलतास अस्पताल द्वारा की जा रही यह पहल श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित स्वास्थ्य कवच तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगी।

## शहर व ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद इस देश की उन महान शख्सियतों में से एक हैं, जिन्होंने आध्यात्म के माध्यम से अपने विचारों और संदेशों द्वारा युवाओं को दिशा व मार्गदर्शन प्रदान किया। स्वामी जी के बताए विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। निश्चित रूप से स्वामी विवेकानंद जी के बताए मार्ग पर चलकर युवा अपना स्वर्णिम भविष्य बना सकते हैं तथा उनके विचारों का अनुसरण करना प्रत्येक युवा के लिए आवश्यक है।

उक्त विचार स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, प्रदीप चौधरी, भगवान सिंह चावड़ा, अनिल गोस्वामी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने व्यक्त किए। इस अवसर पर खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले गोल्ड मेडलिस्ट आदित्य श्रीवास्तव, कु. तनिष्का राव एवं वरुण सोलंकी को पुष्पमाला पहनाकर एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया, जबकि आभार रोशन रायकवार ने माना। इस अवसर पर कांग्रेस नेता गुरुचरण सिंह सलूजा, उमेश झवर, विक्रम मुकाती, नजर शेख, जाहिद पठान, सुजीत सांगते, जितेंद्र सिंह गौड़, धीरज कल्याने, राजा पड़ियार, मंसूर शेख, ईशान राणा, रूपेश कल्याने, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, गोवर्धन देसाई, नईम अहमद, शाजी हाशमी, मदनलाल जेठवा, मुन्ना सरकार, नवाब मिर्जा, अजय सिंह राजोदा, अक्षय बाली, कमलेश गुप्ता, अशोक पटेल, दिग्विजय झाला, रितेश सांगते, प्रथम पवार, मोनू शर्मा, महेंद्र ठाकुर, अविनाश जेठवा, नरेश बैरागी, लियाकत शेख, वीरेंद्र परदेसी, सुभाष वर्मा, मिर्जा कदीर बेग, हाफिज घोसी, रहीस कामदार, प्रहलाद मिस्त्री, गजेंद्र तोमर, आरिफ मेव, मिर्जा नवाब बेग, दीपेश हरोड़े, अंकित खरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति पर्व पर चाईनीज मांझा बेचने वालों पर होगी सख्त वैधानिक कार्यवाही

**पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने किया जिलेभर का निरीक्षण**

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी मकर संक्रांति पर्व के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में देवास जिला पुलिस द्वारा राजस्व विभाग के सहयोग से जिलेभर में चाईनीज मांझा के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला अंतर्गत सभी थाना क्षेत्र में पतंग एवं पतंग उड़ाने के मांझे का विक्रय करने वाली दुकानों पर संयुक्त चेकिंग की गई। जांच के दौरान फिलहाल किसी भी दुकान पर प्रतिबंधित चाईनीज मांझा नहीं पाया गया है।



देवास पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि चाईनीज मांझा का विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यदि कोई दुकानदार अथवा व्यक्ति चाईनीज मांझा बेचते, रखते या उपयोग करते पाया गया, तो उसके विरुद्ध तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

ऐसे मामलों में सामग्री की जब्ती, दुकान सील करना, लाइसेंस निरस्तीकरण तथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि चाईनीज मांझा मानव जीवन, बच्चों, वाहन चालकों एवं पक्षियों के लिए अत्यंत घातक है और इससे गंभीर दुर्घटनाएं एवं मृत्यु तक हो सकती है। अतः आमजन से अपील है कि वे चाईनीज मांझा न खरीदें, न बेचें और न ही उपयोग करें।

देवास पुलिस द्वारा मकर संक्रांति पर्व के दौरान एवं इसके पश्चात भी जिलेभर में निरंतर निगरानी, सघन चेकिंग एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

## एक साल बेमिसाल : सेवा, समर्पण और संगठन की मिसाल बने जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी जिला देवास के जिला अध्यक्ष आदरणीय राय सिंह सेंधव के एक वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर भाजपा संगठन में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर संगठन की ओर से उन्हें कोटि-कोटि हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की गई हैं।

बीते एक वर्ष के दौरान जिला अध्यक्ष सेंधव का कार्यकाल चुनौतियों से भरा रहा। अनेक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने संगठन को सर्वोपरि रखते हुए धैर्य, दृढ़ संकल्प और निःस्वार्थ समर्पण के साथ नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त हुई है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को परिवार का सदस्य मानते हुए उसके सुख-दुख में सहभागिता निभाई, जिससे संगठन और अधिक मजबूत हुआ।

हर काम के लिए कार्यकर्ता, हर कार्यकर्ता के लिए काम का सिद्धांत उनके नेतृत्व की पहचान बन गया है। संगठन की जड़ों को मजबूत करने के लिए उनके द्वारा किया गया सतत परिश्रम समस्त कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके नेतृत्व में भाजपा जिला संगठन पहले से कहीं अधिक एकजुट, अनुशासित और कर्मठ हुआ है।

इस अवसर पर ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, अपार शक्ति एवं दीर्घायु की कामना की गई है, ताकि वे आगे भी संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकें।

# हिन्दू सम्मेलन में दिया पंच परिवर्तन का संदेश

**समाजजनों ने लिया एकता का संकल्प, सांस्कृतिक आयोजन ने बढ़ाई आयोजन की शोभा**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर की हिंगलाज बस्ती में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। जहां संतों ने समाजजनों को पंच परिवर्तन का संदेश दिया।

आयोजन का शुभारंभ अतिथि जिला प्रचार प्रमुख दिनेश प्रजापति, लीना भट्ट, जानकीदास महाराज सहित समाज प्रमुखों द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दिनेश प्रजापति ने कहा कि पूरे देश मे हो रहे हिन्दू सम्मेलन संघ की 100 वर्ष की यात्रा का परिणाम है। यह यात्रा स्वयं सेवकों के कठिन परिश्रम को परिलक्षित करती है। उन्होंने कहा कि इन 100 वर्षो में कई बार संघ को बदनाम कर प्रतिबंध लगाने का कुत्सित प्रयास किया गया लेकिन संघ की छबि हमेशा और मजबूत बनकर उभरी है। हम सबको पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ना है और एक समरस समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम को जानकीदास महाराज और लीना भट्ट ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समिति संयोजक कैलाश सेन, सह संयोजक सुनील मालवीय, कोषाध्यक्ष ललितसिंह दिखित, संतोष जोशी, प्रेम यादव, दुष्यंत सोनी, प्रबोध रोकड़े, लोकेश शर्मा, महेन्द्रमोहन सोनी, ज्योतिप्रकाश माथुर, महेश प्रजापति, नीरज दुबे, अंकिता गुप्ता, अलका दुबे, नरेंद्र खत्री, अमित भावसार सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति , बच्चे और समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल मालवीय ने किया तथा आभार अजयसिंह चंदेल ने माना..

पूरे आयोजन में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक- बालवीर हनुमान हिन्दू सम्मेलन समिति ने द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। तो दुर्गावाहिनी की बहनों ने भारतीय संस्कृति की परंपरानुसार सभी आगुन्तको को तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रीतम मालवीय की टीम ने कबीर भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# कुबरेश्वर धाम पर दस फरवरी से सोलह फरवरी तक भागवत कथा का होगा भव्य आयोजन

**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आलोट नगर स्थित श्री कुबरेश्वर धाम महादेव मंदिर समिति आलोट द्वारा प्रति वर्ष अनूसार इस वर्ष भी दिनांक 10फरवरी से 16फरवरी तक वाराणसी से श्री राम परिवार उपाध्यक्ष संत श्री साध्वी अर्पणा जी मेनारिया द्वारा वाचन किया जावेगा प्रतिदिन 12बजै से 3बजै तक श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराई जावेगी समिति द्वारा श्री मद भागवत कथा में तूलसी विवाह भी किया जावैगा जिसमें गरिब कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।



समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की तेयारिया जोरों पर कर दि हे 10फरवरी को सुबह? 10बजे पोथी यात्रा श्री कुबरेश्वर धाम महादेव मंदिर से निकाली जायेगी जिसमें स्टिल के कलश समिति द्वारा दिए जाने पर सहमति बनी इस आयोजन 25जनवरी तक विवाह सम्मेलन है तू वर वधूपक्ष अपना पंजीकरण करा सकेंगे 15फरवरी को आलोट नगर में सांवरिया सेठ की बारात नगर भ्रमण कराया जावेगा जिसको लेकर नगर? मे बड़ा खूशी का? माहोल ओर भक्तों में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है।

वहीं 16फरवरी को सामूहिक भण्डारा रहेगा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी से अनुरोध घर घर जाकर डोर टू डोर सम्पर्क नगर में जनसमपर्क किया जावेगा व आलोट शहर को दूल्हन की? तरह? सजाया जायेगा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की हे। वहीं आयोजन को भव्य रूप से किया जावेगा इसके लिए समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के विषय पर बेठक कर निर्णय लिया गया है। यह जानकारी समिति द्वारा दिए गए ई।

# प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा का अनावरण किया



**खण्डवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सोमवार को एस.एन. कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिन को हर वर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि स्वामी विवेकानन्द युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। स्वामी विवेकानन्द कहते थे कि अपने लिए तो सभी जीते हैं, देश और समाज के लिए जी कर ही हम अपने जीवन को सार्थक सिद्ध कर सकते हैं। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि युवा वह है जो बेहतर भविष्य के सपने देखे और उन्हें साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत करे। कार्यक्रम में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, खंडवा की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार राय, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोमपाल सिंह तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री चेतस सुखड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण भी मौजूद थे।

सांसद श्री पाटिल ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी अद्भुत व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति को वैश्विक पहचान देने का काम किया। इस पुनीत कार्य के लिए हम भारतवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे।

## संभागायुक्त ने श्यामपुर तहसील में किया एसआईआर के कार्यों का निरीक्षण



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भोपाल संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने श्यामपुर तहसील में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अब तक की गई प्रगति, फील्ड स्तर पर चल रहे सत्यापन कार्य, प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की स्थिति तथा डिजिटल एंट्री की गुणवत्ता की विस्तार से जानकारी ली। संभागायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव है, इसलिए एसआईआर के कार्य में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से नो-मैपिंग वाले मतदाताओं के प्रकरणों पर ध्यान देते हुए कहा कि ऐसे सभी मतदाताओं को नियमानुसार नोटिस समय-सीमा में तामील कराए जाएं, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम अनावश्यक रूप से सूची से न हटे और अपात्र प्रविष्टियों का समय रहते निराकरण हो सके।

संभागायुक्त श्री सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि घर-घर सत्यापन के दौरान मृत, स्थानांतरित एवं दोहरे नामों की पहचान सावधानीपूर्वक की जाए और दस्तावेजों का परीक्षण गंभीरता से हो। संभागायुक्त ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का अद्यतन और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, तहसीलदार श्री श्याम चंदेले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गौ माता का दूध अमृत के समान है इसका सेवन करने से समस्त प्रकार के कष्ट नष्ट हो जाते हैं भागवत आचार्य नितिन देव महाराज

### गोलोकधाम गौशाला में श्री मद भागवत कथा के तृतीय दिवस का आयोजन

**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उन्हेंल गोलोकधाम गौशाला में श्री मद भागवत कथा के तृतीय दिवस के आयोजन विख्यात भागवा आचार्य श्री नितिन देव महाराज चित्रकूट धाम ने बताया कि एक बार स्वामी विवेकानंद जी महाराज से विदेश में किसी भक्त ने पूछा कि भारत के अंदर पशुओं का जो दूध है वह किसका अच्छा है तो स्वामी विवेकानंद जी द्वारा यह बताया गया कि दूध तो भैंस का अच्छा है कुछ भक्तों ने कहा महाराज जी आप यह कैसा बोल रहे हैं मतलब आप गाय के दूध को दूध नहीं मानते है तो स्वामी विवेकानंद जी ने बताया की गौ माता का दूध नहीं वह अमृत है यह अमृत समस्त प्रकार की बीमारियों को नष्ट करता है और शरीर को निरोगी बनाता है महाराजजी ने बताया कि गो सेवा में निष्पक्ष और निस्वार्थ भाव से लगना चाहिए। गोमाता को प्रातः दर्शन करने से सारे अमंगल कस्ट नष्ट हो जाते हैं। जहां प्रेम के साथ में भगवान श्री कृष्णा चाहे भगवान श्री राम हो गौ माता की सेवा के लिए भगवान अवतार लेते है।



गोलोक धाम गौशाला अध्यक्ष पंडित शिव गुरु शर्मा, ने बताया कि गौ माता की सेवा के लिए चद्दर सेट बनकर तैयार हो गया है जिसमें करीबन 500 ट्रॉली शुकला रखने की व्यवस्था हो गई है अब हम आने वाले टाइम में और भी गौ माता को लेकर आएंगे और रोड पर जो गौ माता रहती हैं बीमार गौ माता को गौशाला में लेकर आएंगे अब नया चद्दर सेट भी बनकर तैयार हो गया है जिससे सो गौ माता और भी हम रख सकते हैं गौ माता की सेवा के लिए गुरुदेव ने सहयोग राशि का आग्रह किया गौशाला के संचालन करने के लिए जुड़े और गौ सेवा करें आज सारी बारी आश्रम से महंत श्री अवधेश दास जी महाराज पधारे जिनका व्यास पीठ पर गोलोकधाम गौशाला समिति द्वारा स्वागत कर सम्मान किया व गुरु जी से आशीर्वाद लिया साथ मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुकेश जी दिसावल ने गोलोकधाम गौशाला मै व्यास पीठ का पूजन कर गुरुजी से आशीर्वाद लिया अनमोल ग्रुप द्वारा भी व्यास पीठ का स्वागत कर गुरुजी से आशीर्वाद लिया इस अवसर पर नंदराम धाकड़ शांतिलाल हल्कारा रामलाल मदारिया लाखन सिंह ठाकुर मदनसिंह ठाकुर गुरला, दिनेश सांखला हिम्मत सिंह चौहान अशोक पटेल सोडग कालूराम पांचाल राजेश परमार गोविंद सलित्रा प्रवीण जैन धर्मपाल पालीवाल दिनेश टेलर भेरूलाल हल्कारा राधेश्याम राठौर दिनेश टेलर राहुल ठाकुर भरत सरा दिनेश सरा राजेश ढोढारिया व कई महिला मंडल व भक्तगणों ने कथा का रसपान किया कथा के मुख्य यजमान सरवन सिंह राजपूत परिवार ने भागवत पूजा कर आरती लाभ लिया सुबह भोजन प्रसाद यजमान दिनेश सांखला परिवार रहा शाम का भोजन प्रसादी यजमान सुषमा दिनेश विश्वकर्मा परिवार रहा

# सियाजीत बस्ती खेड़ा का हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सियाजीत बस्ती खेड़ा का हिन्दू सम्मेलन हिन्दू उत्सव समिति खेड़ा के द्वारा आयोजित किया गया इस हिन्दू सम्मेलन में गांव में धार्मिक एवं समरसता का वातावरण देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुम्ब प्रबोधन के विभाग सह संयोजक भेरू सिंह पटेल रहे साथ ही संत श्री सियाराम दास जी महाराज खेड़ा, श्रीमद भागवत कथा प्रवक्ता राघवेंद्र गौर, विद्यार्थी परिषद की प्रान्त छात्रा प्रमुख रागिनी यादव, एवं समिति संयोजक डॉ सोहनलाल पाटीदार मंचासीन रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य वक्ता भेरू सिंह पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए संघ के स्थापना काल से अब तक के सफर के बारे में बताया एवं संघ के पांच तंत्र को अपनाने के लिए समाज से आग्रह किया, कथा वाचक राघवेंद्र गौर ने समाज में आपसी मदभेद दूर कर समाजवाद की रूढ़ियों को तोड़ कर एक साथ आगे आने का आह्वान किया एवं हिन्दू धर्म की महानता का परिचय दिया, प्रान्त छात्रा प्रमुख रागिनी यादव ने भी समाज जन को संबोधित करते हुए हिन्दुओ को संगठित रहने के लिये आह्वान किया। भारत माता की आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया, कार्यक्रम में काफी संख्या में युवा, माता बहने एवं वरिष्ट ग्रामवासी उपस्थित हुए, कार्यक्रम के पश्चात समरसता भोज सभी समाज जनो ने एक साथ किया।

## मंत्री डॉ. विजय शाह एवं प्रभारी मंत्री श्री लोधी सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए

**खण्डवा / दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानन्द जी का जन्म दिवस सोमवार को देश व प्रदेश में युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। खण्डवा के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉक्टर कुंवर विजय शाह तथा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सोमवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेडे, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आकाशवाणी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्बोधित करते हुए प्रदेशवासियों से नियमित रूप से योगाभ्यास, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार जैसी गतिविधियों में शामिल रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार जैसी गतिविधियां आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी द्वारा अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में दिए गए उनके ऐतिहासिक संबोधन का प्रसारण भी किया गया। तदुपरांत उपस्थित मंत्री द्वय, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ एक समय में, एक संकेत पर, एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया।

कार्यक्रम में अतिथियों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार की 12-12 क्रियाओं के तीन चक्र और प्राणायाम की विभिन्न आसन क्रियाएं भी कीं। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में जिला योग समिति से डॉ. दिलीप जैन, श्री नारायण बाहेती और पतंजलि योग समिति से सुभाष शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी श्री पीएस सोलंकी ने किया।

# शिवा जी बस्ती में हिंदू सम्मेलन संपन्न, एकता व संस्कार का दिया संदेश

### संस्कार, सेवा और समर्पण से ही संभव समाज की मजबूती



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उन्हेंल श्री शिवाजी बस्ती में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित हिंदू सम्मेलन एवं समरसता कार्यक्रम सोमवार को , उत्साह और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ । सम्मेलन की विशेषता यह रही कि बस्ती में निवास करने वाले विभिन्न समाजों के प्रमुखजन एवं भागवत आचार्य नितिन देव जी महाराज चित्रकूट धाम सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री संगीता जी गायकवाड राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्री मुकेश दिसावल मंचासीन रहे , जिससे सामाजिक एकता और समरसता का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

माल्यार्पण मंचन ने आतर्गत जिस प्रकार तालियां बजी सराहना की। संयोजक ने कार्यक्रम का शुभारंभ की सनातन संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ। भजन , गीत और प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया । इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में भागवत आचार्यश्री नितिनदेव जी सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री संगीता जी गायकवाड राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्री मुकेश जी दिशावल (उज्जैन )मालवा प्रान्त समरसता प्रमुख ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में हिंदू समाज को संगठित रहने , अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती संस्कार , सेवा और समर्पण से ही संभव है । कार्यक्रम में मातृशक्ति के नेतृत्व में सुश्री संगीता जी गायकवाड ने नारी शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज निर्माण में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है । ने अपने संबोधन में हिंदू चेतना , संगठन और सामाजिक एकजुटता की आवश्यकता पर विराट हिन्दू सम्मेलन प्रभावी ढंग से विचार रखे । वक्ताओं के विचारों से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया । समारोह के अंत में भारत माता की आरती की गई । कार्यक्रम का संचालन गोविंद सलित्रा ने किया तथा आभार हिंदू सम्मेलन की नियमित संयोजक पूनमचंद ख़ामोरिया द्वारा किया गया । इसके पश्चात समरसता भोज का आयोजन हुआ , जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने सहभागिता कर सामाजिक सौहार्द का परिचय दिया।

# रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, एकता एवं स्वदेशी भावना का संचार करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही, जिन्होंने पूरे जोश और अनुशासन के साथ दौड़ में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, विचारों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा युवाओं से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को सही दिशा देने में मार्गदर्शक हैं। 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी श्री मोहित नागर के नेतृत्व में किया गया। आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं स्वदेशी मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## युवा दिवस पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** शासकीय महाविद्यालय बड़नगर में युवा दिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर प्रेरणादायक दौड़ का आयोजन किया साथ ही,युवा दिवस पर विविध कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन भी किया गया, जिनका उद्देश्य युवाओं एवं छात्रों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता फैलाना और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाना था ।यह आयोजन रेड रिबन एवं हस्स के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुनीता कुमावत के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील कुमार उदिवाल द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया ।तत्पश्चात सामूहिक योग का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा बताया गया कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर ही हम अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकते हैं तथा एक ठोस एवं जिम्मेदार व्यक्ति बन सकते हैं । आयोजन प्रभारी सुनीता कुमावत द्वारा छात्रों को बताया की शारीरिक फिटनेस सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा इस युवा दिवस का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ ही एक शुद्ध सामाजिक संदेश को प्रसारित करना भी है साथ ही हम अपने भारत के गौरव को बढ़ावा देकर ही अपने देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं ।इस संपूर्ण आयोजन में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। युवा दिवस एड्स जागरूकता, युवाओं की राष्ट्रीय विकास में भागीदारी, नशा मुक्ति, विवेकानंद के विचार इत्यादि विषय की थीम पर रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी महाविद्यालय में किया गया।

# कलेक्टर की बिना अनुमति के बीक गई अनुसूचित जनजाति वर्ग की भूमी

### दस्तावेजों को नजरअंदाज कर संपादित हुआ विक्रय पत्र











**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** मोगिया शब्द अनुसूचित जनजाति में तो वहीं मोघिया शब्द अनुसूचित जाति में दर्ज है अर्थात मोगिया समाज के किसी भी व्यक्ति की भूमि जो की अनुसूचित जनजाति में आती है बिना कलेक्टर की अनुमति की बिक्री की जाना संभव नहीं है लेकिन अनुसूचित जनजाति की भूमि को बिक्री करने में भी अब लोग पीछे नहीं रहे हैं और शासकीय नियमों व दिशा निर्देशों को तक में रखकर यह जमीन बेच दी जाती हैं और शातिर खरीददार इन आदिवासीयो की भूमि जिसे सरकार ने बिक्री व खरीदी पर रोक लगा रखी है।

सभी बातों की जानकारी होने के बावजूद भी दस्तावेजों में कर भूमियों को विक्रय किया जा रहा है ऐसा ही एक मामला बड़नगर तहसील के ग्राम दोत्रु का सामने आया है जहां पर किसान तुलसीराम पिता रामा जी मोगिया के नाम से पांच बीघा भूमि स्थिति थी जिसे तुलसीराम के पुत्र नंदकिशोर ने बदनावर तहसील से अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण पत्र तुलसीराम के नाम का बनवाकर बड़नगर उप पंजीयन कार्यालय में उसने भूमि नफीज पिता सय्यद जाति मुसलमान निवासी ग्राम हसनाबाद तहसील देपालपुर जिला इंदौर को बिक्री कर दी है यहां सवाल यह उठता है कि जब भूमि के खसरा बी-1 रिकार्ड में तुलसीराम की जाती मोगिया है जो कि अनुसूचित जनजाति में आती है और उसे आसानी से विक्रय नहीं किया जा सकता है।

उसको विक्रय करने के लिए विधिवत तरीके से कलेक्टर उज्जैन से बिक्री की अनुमति लानी चाहिए थी और उसके बाद ही भूमि को बिक्री करना था लेकिन तुलसीराम के पुत्र नंदकिशोर ने ऐसा ना करते हुए बदनावर तहसील से तुलसीराम पिता रामा के नाम का अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण पत्र बनवाकर एक पिछड़ा वर्ग व्यक्ति को आदिवासी की भूमि की रजिस्ट्री करना शासकीय नियमों के साथ खिलवाड़ करना है यहां सवाल यह उठता है कि भूमि का विक्रय पत्र संपादित होते समय उप पंजीयक कार्यालय में भूमि से संबंधित सारे आवश्यक दस्तावेज को उपलब्ध कराए जाते हैं जिसका सत्यापन उनके द्वारा किया जाता है उसके बाद विक्रय पत्र पंजीयन की कार्यवाही की जाती है लेकिन इस मामले में उप पंजीयक द्वारा दस्तावेजों की सही जांच ना करते हुए आदिवासी की जमीन की रजिस्ट्री एक पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति के नाम से कर दी गई है जो कि शासन के नियमों की खाली खुलेआम धज्जियां उड़ा कर शासकीय नियमों को ठेंगा दिखाया गया है और विक्रय पत्र पंजीयन किया गया है क्योंकि विक्रय पत्र पंजीयन के समय रजिस्ट्री के विक्रेता नंदकिशोर ने जो खसरा प्रस्तुत किए हैं जिसमे तुलसीराम पिता रामाजी का नाम दर्ज है उसमें जाती मोगिया पता दोत्रु बड़नगर जिला उज्जैन लिखा हुआ है जो कि अनुसूचित जनजाति में आती है और विक्रय पत्र में विक्रेता आनंद किशोर ने जो जाति प्रमाण पत्र लगाया है वह भी तुलसीराम के नाम का लगाया गया है और वह जाति प्रमाण पत्र अनुसूचित जाति का है तो क्या खसरा पासबुक जाति प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों का उप पंजीयक बड़नगर ने सही अवलोकन किया था या फिर ले देकर विक्रय पत्रिका पंजीयन किया गया है। अब देखना यह होगा कि इसमें जिम्मेदार कब तक संज्ञान लेते हैं और शासकीय नियमों को ताक में रखकर अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति की भूमि बिना कलेक्टर की अनुमति के दस्तावेजों को अनदेखा कर या हेर फेर कर भूमि बिक्री करने के मामले में दोषियों के ऊपर कैसी व किस प्रकार की कार्यवाही होती है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने समयावधि पत्रों की समीक्षा एवं अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक ली

## पात्र हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा एवं अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति तथा प्रशासनिक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश देते हुए 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ग्रेडिंग मंथ के अंतर्गत शत-प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त समाधान ऑनलाइन के एट्रीब्युट सम्बन्धी शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त सार्थक एप्प, सीएम व सीएस मॉनिट एवं सीपी ग्राम से सम्बन्धी शिकायतों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

सीईओ जिला पंचायत ने स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि की प्रगति रिपोर्ट देखकर, स्वरोजगार के विभिन्न योजनाओं के तहत लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य शासन की समस्त योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से पहुँचाना है। सभी अधिकारी अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक- निर्देशित किया गया कि अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक संचालित कर ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड स्तर पर वार्ड स्तरीय समितियों का गठन किया जाए तथा शिविरों एवं घर-घर संपर्क के माध्यम से अधिकतम आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त की जाएँ। गठित दलों के नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्राप्त सभी आवेदन अनिवार्य रूप से सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज हों और किसी भी आवेदन को लंबित न रखा जाए।

द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक- द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक क्लस्टर एवं जोन स्तर पर संचालित किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ एवं संबंधित अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में शिविरों का संचालन करेंगे। प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के साथ-साथ शेष एवं नवीन आवेदनों का निराकरण क्लस्टर/जोन स्तर पर आयोजित शिविरों में किया जाएगा तथा समस्त निराकरण की प्रविष्टि पोर्टल पर उसी दिन दर्ज करना अनिवार्य होगा।

तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च 2026 तक- तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च 2026 तक विकासखंड एवं नगर स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इसमें क्लस्टर एवं जोन स्तर पर शेष रहे अनिराकृत तथा नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित शिविरों में समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा किए गए निराकरणों को संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा पोर्टल पर अद्यतन किया जाएगा।

चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक- चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें समस्त शेष अनिराकृत एवं नवीन आवेदनों का अंतिम निराकरण किया जाएगा। जिला स्तरीय शिविरों की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री द्वारा की जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को सम्मानपूर्वक हितलाभ वितरित किया जाएगा। सभी विभागीय जिला अधिकारी शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

निर्देश दिए गए कि अभियान से संबंधित समस्त कार्यवाही केवल पोर्टल के माध्यम से की जाए तथा नागरिकों को भी पोर्टल पर आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। शिविरों की तिथि, समय एवं स्थान की जानकारी स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य प्रचार माध्यमों से व्यापक रूप से प्रसारित की जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक अभियान से लाभान्वित हो सकें। साथ ही यह भी बताया गया कि जिले के प्रभारी मंत्री, कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा अभियान की नियमित समीक्षा की जाएगी। यह सुनिश्चित करें कि 31 मार्च 2026 तक जिले में प्राप्त सभी आवेदनों का अनिवार्य रूप से निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जाए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद सुश्री तनुश्री मीणा, संयुक्त कलेक्टर श्री अक्षयसिंह मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थान्दला श्री महेश मण्डलोई, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रीतिका पाटीदार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघनगर सुश्री अवनधती प्रधान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी. एस. बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाल मेला एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह सम्पन्न



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में लोटस ग्रुप द्वारा 11 जनवरी रविवार को लोटस कॉन्वेंट स्कूल बंगरेड में बाल मेला -2026 का आयोजन किया गया। बाल मेले के मुख्य अतिथि..जिला पंचायत अध्यक्ष अंतरसिंह देवड़ा , शिवसेना युवा प्रदेश अध्यक्ष-क्क्ष प्रभात पुरानिया, जनपद अध्यक्ष उमरावसिंह,जनपद उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, कमलसिंह राजावत, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णकुमार राबड़, बापूसिंह कुशवाह,विहिप जिला धर्माचार्य प्रमुख श्रवण शर्मा,शैलेन्द्र सिंह सोलंकी,पार्षद तरुण आचार्य, पार्षद विजयंत गोसर, पार्षद कुशल गेहलोत, विहिप तहसील अध्यक्ष भीमसिंह डोबरिया, शिवसेना महासचिव राजेश कायस्थ, शिवसेना जिला उपाध्यक्ष रजत जायसवाल, बजरंग दल तहसील सह संयोजक धीरज यादव,शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल इत्यादि गणमान्य जन थे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी का पूजन कर किया गया ! तथा फीता काटकर विधिवत मेले का शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन में संस्था संचालक जितेंद्रसिंह राजावत ने चार साहिबज़ादो के बलिदान को स्मरण किया एवं बताया कि निरंतर 21 वर्षों से बाल मेले का आयोजन किया जा रहा है ! जिसमें प्रतिवर्ष 10 हजार से अधिक गणमान्यजनों की उपस्थिति रहती है।

यह मेला बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया जाता है संस्था के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों , मनोरंजक स्टॉल तथा विभिन्न सामग्रियों के 150 स्टॉल लगाए गए ! मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र मिक्की माउस,गेम्स एवं झूले , नाव तथा भूत बंगला इत्यादि रहे। लोटस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के विद्यालय लोटस कॉन्वेंट स्कूल बंगरेड़ , लोटस इंटरनेशनल स्कूल बंगरेड,बड़नगर, खरसौद कलां के समस्त छात्र/छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। इसके साथ ही पूर्व छात्र मिलन समारोह भी आयोजित किया गया आसपास के ग्रामीण अंचल के कई बच्चों ने अपने परिवार सहित मेले का आनंद उठाया। इस आयोजन में लोटस स्कूल के समस्त प्राचार्य क्रमशः सुश्री ललिता भाटिया, प्रवीण आत्रे, राजेंद्रसिंह पटेल, राहुल शर्मा, सोनू श्रीवास्तव, विनोद सोलंकी भी उपस्थित रहे। अतिथि उद्बोधन के पश्चात आदर्शदीपसिंह राजावत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# झाबुआ से भोपाल तक नवाचार की उड़ान मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप्स समिट 2026 में पवन वेग प्राइवेट लिमिटेड की प्रेरणादायक भागीदारी



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में रवींद्र भवन भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप्स समिट 2026 के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान विभाग द्वारा 4 महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 170 से अधिक स्टार्ट-अप्स को हितलाभ प्रदान किए तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 21 स्टार्ट-अप्स को 8 करोड़ से अधिक की ऋण राशि का वितरण किया। साथ ही नवाचार, उद्यमिता एवं रोजगार सृजन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न स्टार्ट-अप्स को सम्मानित भी किया गया।

इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय मंच पर झाबुआ जिले का एकमात्र प्रतिनिधि स्टार्ट-अप बनकर पवन वेग प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। फूड डिलीवरी क्षेत्र में कार्यरत इस स्टार्ट-अप के संस्थापक श्री सचिन जोशी ने अपनी टीम के साथ समिट में सहभागिता कर यह सिद्ध किया कि नवाचार की उड़ान किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। छोटे जिले से निकलकर राज्य स्तरीय मंच तक पहुँचना झाबुआ के युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बना।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सुश्री पिंकी डिंडोर ने बताया कि युवाओं को स्वरोजगार एवं नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप योजना के अंतर्गत श्री सचिन जोशी द्वारा झाबुआ जिले में पवन वेग प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की गई है।

# स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत ग्राम रजला में जल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले में संचालित स्वच्छ जल अभियान के तहत जनसमुदाय को शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, झाबुआ द्वारा विकासखंड रामा के ग्राम रजला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं रजला सेक्टर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दूषित पेयजल से होने वाली जलजनित बीमारियों, उनकी रोकथाम तथा शुद्ध पेयजल के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान FTK (फील्ड टेस्ट किट) के माध्यम से पेयजल स्रोतों का जल परीक्षण कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे उपस्थितजनों को स्वयं जल की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त हो सके। अंत में सभी सहभागियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग हेतु शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम का संचालन विकासखंड स्तरीय समन्वयक विकासखंड रामा श्रीमती अंकिता पाठक द्वारा किया गया।

# कन्या महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का गरिमामय शुभारंभ

**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. अहिरवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्नेह सम्मेलन का उद्देश्य केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित न रहकर छात्राओं की अंतर्निहित एवं सृजनात्मक प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करना है।

प्राचार्य डॉ. अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय छात्राओं के एकांगी विकास के स्थान पर उनके सर्वांगीण एवं बहुमुखी विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजनों से छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा रचनात्मक सोच का विकास होता है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्नेह सम्मेलन के प्रथम दिवस विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। व्यंजन प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने हाथों से बनाए गए स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजनों का प्रदर्शन कर अपनी पाक-कला का उत्कृष्ट परिचय दिया।

# भारत भर में हुए बेहतरीन और नई सोच वाले फैशन शोकेस के साथ हुआ ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 का समापन

इस टूर ने तीन शहरों में फैले आयोजनों के ज़रिए फैशन के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित किया, जहां इमर्सिव स्टोरीटेलिंग और अत्याधुनिक डिज़ाइन के माध्यम से फैशन को एक नई गति मिली।

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 का भव्य समापन हुआ, जिसने गुरुग्राम, जयपुर और कोलकाता में फैशन अनुभवों के नए मानक स्थापित किए। 'द वन एंड ओनली' थीम के मंच के साथ इस टूर ने भविष्य के फैशन की झलक पेश की और तीन अलग-अलग, लेकिन बेहद प्रभावशाली कहानियों को सामने रखा। इन प्रस्तुतियों ने यह दिखाया कि फैशन को कैसे देखा, महसूस किया और कल्पना की जा सकती है। हर शहर में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन को नई दिशा दी। गुरुग्राम में तकनीक और कुट्यूर का रियल-टाइम संगम दिखा, जहां फैशन को भविष्य की दुनिया से जोड़ा गया। जयपुर में हाई-ऑक्टेन मोटरस्पोर्ट से प्रेरित थीम के साथ फैशन को फास्ट लेन पर दौड़ाया गया। वहीं कोलकाता में पारंपरिक क्राफ्ट की परिभाषा को चुनौती देते हुए उसे एक बोल्ड और आधुनिक रूप में पेश किया गया। इस टूर ने इमर्सिव और मल्टी-सेंसरी फैशन अनुभवों के मामले में एक नया मानक स्थापित कर अपनी अलग पहचान बनाई। गुरुग्राम में डिज़ाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक द्वारा प्रस्तुत 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' शो में हाउट कुट्योर को ह्यूमनॉइड रोबोट्स, होलोग्राफिक तकनीक और मोशन-सेंसिंग प्रोजेक्शंस के साथ जोड़ा गया। इस अनोखे शो में शाहिद कपूर और तमन्ना भाटिया की मौजूदगी ने आकर्षण बढ़ाया। जयपुर में 'हाई ऑक्टेन कुट्योर' के ज़रिए फैशन ने रफ्तार पकड़ी। डिज़ाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने मोटरस्पोर्ट एस्थेटिक्स को नए अंदाज़ में पेश किया, जिसमें मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू और रैपर रफ्तार शामिल रहे। क्रोम-रैप्ड सुपरकार्स और तीन लैप वाले रनवे अनुभव ने इस शो को और भी दमदार बना दिया। वहीं, कोलकाता के ग्रैंड फिनाले में 'फ्यूचर इज़ क्राफ्टेड' थीम के तहत क्राफ्ट की पारंपरिक सोच को तोड़ने वाली नई कहानी सामने आई। ऐतिहासिक हावड़ा ब्रिज की पृष्ठभूमि में एके 7 ओके अनामिका खन्ना ने फ्यूचरिस्टिक टेलरिंग के ज़रिए पारंपरिक क्राफ्ट को नए सिरे से गढ़ा। शोस्टॉपर के रूप में ईशान खट्टर ने मंच संभाला और हुगली नदी को फैशन के एक तैरते हुए थिएटर में बदल दिया।

पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबश्री दासगुप्ता ने कहा, एफडीसीआई के सहयोग से आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भारतीय फैशन का सबसे प्रतिष्ठित मंच रहा है। हमारी 'द वन एंड ओनली' सोच से प्रेरित होकर हम भारत के बेहतरीन डिजाइनरों के साथ मिलकर फैशन और स्टाइल के विकास में लगातार नए मानक स्थापित कर रहे हैं। 'मेकिंग फैशन मूव' के जरिए ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भविष्य के फैशन को दिशा देने वाली एक मजबूत ताकत के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूती से सामने रखता है। यह पहल नए विचारों, रचनात्मक सहयोग और ऐसे अनुभवों को आगे बढ़ाती है, जो आने वाले समय के फैशन को परिभाषित करेंगे। रचनात्मकता, संस्कृति और नवाचार को अपने केंद्र में रखते हुए यह ब्रांड फैशन के विकास, उसके जुड़ाव और अगली पीढ़ी को प्रेरित करने की दिशा तय करता रहा है। एफडीसीआई के चेयरमैन सुनील सेठी ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के साथ हमारा सहयोग एफडीसीआई के लिए बेहद उत्साहजनक है। फैशन की दुनिया की दो मजबूत ताकतों का यह संगम भविष्य के फैशन को आकार देने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# अतिकुपोषित बच्चों व गर्भवती महिलाओं के पोषण पर विशेष ध्यान दें

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने सोमवार शाम को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उपस्थित महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय से यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक अतिकुपोषित बच्चा पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती हो। उन्होंने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र का कोई भी पलंग खाली ना रहे, यह प्रयास किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओपी जुगतावत, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. रंजीत बड़ोले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती रत्ना शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के सभी पैरामीटर्स में खालवा विकासखंड की प्रगति सबसे खराब पाए जाने पर नाराजगी प्रगट की और विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सिंगोट के पोषण पुनर्वास केंद्र संबंधी जानकारी पोर्टल पर अपडेट ना करने और बच्चों के पोषण स्तर में उल्लेखनीय सुधार न आने पर वहां के मेडिकल ऑफिसर और पोषण प्रशिक्षक का एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। उन्होंने एनीमिक गर्भवती महिलाओं के मामले में लापरवाही बरतने पर पंधाना के विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती प्रत्येक बच्चे को उसकी मां के साथ निर्धारित कुल 14 दिन की अवधि तक रखा जाए।

# संकल्प से समाधान अभियान का हुआ शुभारम्भ



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर परिषद ठीकरी के वार्ड क्रमांक 01 मे शिव मंदिर विवेकानंद कॉलोनी मे संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर का शुभारम्भ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूजा सुमित जायसवाल एवं वार्ड पार्षद श्रीमती रानू पवन चौहान ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रजवलित कर किया गया । शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार आज दिनांक से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों मे संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाएगा एवं शासन की विभिन्न योजनों का लाभ शिविर एवं घर घर सर्वे कर पत्रता रखने वाले हितग्राहियो को लाभ दिया जाएगा । प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी, द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च, तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च एवं चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक रहेगा। नगरीय निकाय की इन योजनाओं पर फोकस ऽ नॉड्यूज प्रमाण पत्र ऽ पी एम स्वनिधि ऽ ट्रेड लायसेंस जारी करना ऽ अविवादित संपत्ति का हस्तान्तरण ( क्रेता-विक्रेता के मध्य आपसी विलेख उपरांत) जहाँ तकनीकी रूप से समस्या हो वहां नवीन नल कनेक्शन हेतु मांग पत्र प्रदाय ऽ मांग पत्र अनुसार राशि जमा करने पर नवीन नल कनेक्शन प्रदान करना ऽ भवन अनुज्ञा प्राण पत्र जारी करना।

# सुभाष बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न, मातृशक्ति व समाजजन की ऐतिहासिक सहभागिता से गूंजा राष्ट्र भक्ति का स्वर

**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सुभाष बस्ती वासियों द्वारा शिवङ्कहनुमान मंदिर परिसर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन भव्यता, अनुशासन एवं सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण बनकर संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, पुरुष, युवा एवं बच्चे सम्मिलित हुए और हिंदू एकता का सशक्त परिचय दिया।




सम्मेलन की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात महिला शक्ति द्वारा भजन-कीर्तन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ तथा भारत माता की जय और जय श्रीराम के घोष से संपूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। सुभाष बस्ती की ओर से हिंदू सम्मेलन आयोजन के संयोजक योगेश जोनवाल एवं महिला संयोजिका श्रीमती वर्षा मेहता रहे। सामूहिक हनुमान चालीसा के बाद बालिकाओं द्वारा शस्त्र प्रदर्शन की शौर्य प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों एवं मंदिर के पुजारी का सम्मान संयोजक एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दुपट्टा पहनाकर किया गया। आयोजन संयोजकों द्वारा मंचासीन अतिथियों को स्वागत पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया। नगर के गणमान्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर महापुरुषों के चित्र लगाए तथा अनुपम विशाल मंच के साथ परिसर को आध्यात्मिक व राष्ट्रीय स्वरूप दिया गया।

यह रहे अतिथि गण- सर्वप्रथम राष्ट्र सेविका समिति की नगर कार्यवाही का माटी गीता कम ने अपने विचार से बौद्धिक प्रारंभ किया जिसमें पांच परिवर्तन के बारे में बताकर विस्तार से समझाया।

द्वितीय संबोधन में ओजसवी वक्ता के रूप में ब्रह्मचारी श्री रामस्वरूप जी महाराज बनबना वाले ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से हिंदू राष्ट्र की संकल्पना को साकार करने के लिए प्रेरित किया। तथा राष्ट्र के गौरव व सनातन के वैभव का परिचय कराया।

विशेष वक्ता के रूप में - विपिन आर्य आप प्रांत के कुटुंब सहसंयोजक है। श्री आर्य ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता को बनाए रखने में युवा मातृशक्ति एवं परिवार तथा हिंदुत्व एकता का महत्व बताया जिसे विभिन्न कथानक देकर समझाया।

अपने ओजस्वी संबोधन में आचार्य रामस्वरूप सहित अन्य वक्ताओं ने हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य, सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्र निर्माण में हिंदू समाज की भूमिका एवं हिंदू राष्ट्र की संकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संगठित, संस्कारित और जागरूक समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है।

सम्मेलन निर्धारित समय दोपहर 3.30 बजे से महिला मंडल द्वारा कीर्तन भजनों के साथ प्रारंभ होकर लगभग 6ः00 बजे तक चला। लगभग दो घंटे तक चले कार्यक्रम को उपस्थित जनसमुदाय ने मंत्रमुग्ध होकर सुना। महिला संयोजिका वर्षा मेहता ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए बताया कि पूर्व तैयारियों ने बनाया आयोजन को सफल इस विराट आयोजन की सफलता के लिए पूर्व से ही सुभाष बस्ती में व्यापक तैयारियाँ की गईं। आयोजन कार्यालय का उद्घाटन, प्रभात फेरियाँ, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ, आमंत्रण पत्रकों एवं पंपलेट वितरण, ढोल-नगाड़ों के साथ जनसंपर्क यात्रा तथा पीले चावल देकर सह-परिवार आमंत्रण जैसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए गए। महिला मंडल व पुरुष कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग टोलियाँ बनाकर मंच, बैठक, पंडाल, सजावट, चाय-नाश्ता एवं सहभोज की व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से संभालीं। प्रभावशाली संचालन पल्लवी प्रजापत ने किया।

आयोजकों का संदेश- आयोजकों ने कहा कि यह सम्मेलन किसी व्यक्ति या वर्ग का नहीं, बल्कि समस्त हिंदू समाज की एकता, मर्यादा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने, संस्कार देने और राष्ट्र के प्रति समर्पण को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों, मातृशक्ति, कार्यकर्ताओं, अतिथियों एवं बस्तीवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती व सहभोज के साथ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में बस्ती के रह वासियों ने सह परिवार सहभागिता कर सहभोज संपन्न किया। इस अवसर पर सुभाष बस्ती के रहवासी गण विधायक डॉ. तेजबहादुर चौहान, भेरुलाल टाक, गंगाराम गुर्जर राकेश यादव सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश गेहलोत सुबोध स्वामी , कमलेश जायसवाल, शरद जैन, कमल जैन,निलेश मेहता शिव पोरवाल दिलीप सेठिया बबीता रघुवंशी पुष्पा रघुवंशी दीपिका पोरवाल रानी व्यास चंचल शर्मा, मनोज सोनी गौरव वर्मा मनीष पोरवाल रूपम सिंह ठाकुर संदीप पोरवाल अनमोल पोरवाल, देवेंद्र सिंह तंवर, मनोज जैन आदि बड़ी संख्या में आयोजन मंडल के कार्यकर्ता रहवासी महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# ठंड पर भारी युवा ऊर्जा : दशहरा मैदान में सैकड़ों विद्यार्थियों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**स्वामी विवेकानंद जयंती पर जिला स्तरीय आयोजन, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी बच्चों के साथ किया योग**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर पूरे देश की तरह उज्जैन में भी युवा दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह कोहरे और ठिठुरन के बीच दशहरा मैदान ऊर्जा, अनुशासन और उत्साह से भर उठा, जब शहर के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कर दिन की शुरुआत की।



जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और योग संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मैदान में पहुंचते ही आकाशवाणी से प्रसारित वंदे मातरम, स्वामी विवेकानंद का संदेश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बना।

सूर्य नमस्कार के क्रम में छात्र-छात्राओं के साथ सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति कलावती यादव, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

सुबह 9 बजे से साढ़े 10 बजे तक चले इस आयोजन में योग प्रशिक्षकों और जिला योग समिति ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के 12 चरणों का अभ्यास कराया। ठंड के बावजूद विद्यार्थियों की उमंग और अनुशासन ने पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। जिला प्रशासन के अनुसार, विवेकानंद जयंती पर हर वर्ष युवाओं में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस बार रिकॉर्ड संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता देखने को मिली।

### इसलिए खास रहा कार्यक्रम

ठंड के बीच सैकड़ों विद्यार्थियों की उपस्थिति

जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उतरे मैदान में

स्वामी विवेकानंद के संदेश और वंदे मातरम का प्रसारण

जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की भागीदारी

योग समितियों और प्रशिक्षकों की सक्रिय भूमिका

## 24 घंटे में दिन और रात के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीते 24 घंटे से मौसम सर्द बना हुआ है और दिन-रात कोहरा छा रहा है। कल दिन का तापमान 1 डिग्री गिरकर 27 डिग्री पर आ गया। वहीं आज सुबह लगभग 1 डिग्री घटकर न्यूनतम तापमान भी 9.4 डिग्री पर पहुंच गया। अभी भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।

वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि शीत लहर के कारण कल अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई है। नमी का स्तर 90 प्रतिशत तक रहने के कारण कल तथा आज सुबह तक घना कोहरा छाया रहा। इस वजह से दिन और रात के तापमान में कल करीब 18 डिग्री का अंतर रह गया था। आज भी कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पूर्वी राज्यों में बर्फबारी के कारण सर्दी का असर कुछ दिन और बना रहेगा। अगले 3-4 दिन इसी तरह का मौसम रहेगा और हो सकता है न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से नीचे पहुंच सकता है।

## शहर बना माँगने वालों का ठिकाना.. भिखारियों का सर्वे नहीं हो रहा



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकाल लोक बनने के बाद यहाँ भारी भीड़ आ रही है और बाहर से भिखारी भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं और इन पर किसी की नजर नहीं है और न ही इनकी गिनती है। जबकि यह कार्य 2022 में होना था।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों शहर के अधिकांश ट्रैफिक सिग्नलों के आस पास भिखारियों के ठिकाने बन गए है। यहाँ ट्रैफिक रुकते ही वाइपर और छोटी बॉटल में पानी लेकर कारों के कांच साफ करने वाले छोटे बच्चों व युवाओं की टोली और नवजात को गोद में लेकर दूध की खाली बोतल दिखाकर राहगीरों से पैसे माँगती हुई महिलाओं को दिनरात देखा जा सकता है। जैसे ही सिग्नल रेड होता है और एक तरफ के वाहन चालक ट्रैफिक सिग्नल ग्रीन होते ही चौराहा पार करने के लिए तेजी से वाहन आगे बढ़ाते हैं, लेकिन यह लोग पैसे लेने के चक्कर में सडक़ से हटते नहीं हैं। ऐसे में किसी दिन बड़े हादसे की अंदेशा है, लेकिन न तो भिक्षुक के पुनर्वास करने वाली संस्था और न ही पुलिस या निगम ध्यान दे रही है। जबकि पूर्व में भिक्षावृत्ति मुक्त प्रदेश एवं उज्जैन शहर को भी भारत सरकार की स्माइल स्कीम (सपोर्ट फॉर मार्जिनालाइज्ड इंडिविजुअल्स फॉर लाइवलीहुड एंड इंटरप्राइज) के तहत शमिल किया गया था। संबन्धित विभागों को इस पर काम करने के निर्देश दिए गए थे, बावजूद आज तक कोई योजना नहीं बनाई जा सकी।

## कलेक्टर श्री सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की बैठक की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि संबल योजना अंतर्गत सहायता राशि स्वीकृति में 7 कार्य दिवस के अंदर ईपीएफओ जारी करें। सभी नगरीय निकाय और जनपद सीईओ मृत्यु प्रमाण पत्र 7 कार्य दिवस के अंदर बनाकर दें। बैठक में ट्रैफिक नियमों के अनुपालन में सभी शासकीय विभाग के कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से दोपहिया वाहनों को चलाते समय हेलमेट लगाने के निर्देश दिए। बैठक में सभी अनुविभागीय और जिला अधिकारि?यों को निर्देश दिए कि सभी शासकीय अभियानों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें।

बैठक में सभी जिला अधिकारियों को अपने विभागों की शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर धरातल पर योजनाओं के क्रियान्वयन की यथास्थिति जानने के निर्देश दिए। बैठक में श्री महाकाल महोत्सव के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गई कि यह 14 जनवरी से 18 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा श्री महाकाल महोत्सव में सम्मिलित होना प्रस्तावित है।

## शराब पीकर ड्राइविंगः उज्जैन में बढ़ता खतरा.. चार साल में 7 गुना हो गए मामले

**पुलिस की सख्ती बेअसर – पिछले साल में 700 से अधिक लोगों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की सडक़ों पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग, चालानी कार्रवाई और जागरूकता अभियानों के बावजूद हालात चिंताजनक बने हुए हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले चार वर्षों में शराब पीकर ड्राइविंग के मामलों में तेज़ उछाल आया है, जो न केवल कानून व्यवस्था बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती बनता जा रहा है।



उज्जैन पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2022 में शराब पीकर वाहन चलाने के केवल 103 मामलों में चालान बनाए गए थे, लेकिन बीते साल यह संख्या बढक़र 736 तक पहुंच गई। यानी महज तीन वर्षों में यह आंकड़ा लगभग सात गुना बढ़ गया है। यह स्थिति दर्शाती है कि सख्ती के बावजूद लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्गों, हाईवे और व्यस्त चौराहों पर रात के समय सबसे अधिक ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। कई बार शराब के नशे में वाहन चलाने से दुर्घटनाएं भी हुई हैं, जिनमें जान-माल का नुकसान हुआ। इसके बावजूद चालक सबक लेने को तैयार नहीं दिख रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विशेष अभियान चलाकर ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा रही है और पकड़े जाने पर चालान के साथ लाइसेंस निलंबन जैसी कार्रवाई भी की जाती है। बावजूद इसके शराब पीकर ड्राइविंग की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सिर्फ चालान ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सख्त दंडात्मक प्रावधानों की आवश्यकता है। जब तक लोग स्वयं जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, तब तक सडक़ हादसों पर रोक लगाना मुश्किल होगा।

### एक नजर पिछले 4 वर्षों के आंकड़ों पर

वर्ष 2022= 103 चालान

वर्ष 2023= 88 चालान

वर्ष 2024= 458 चालान

वर्ष 2025= 736 चालान

4 साल में करीब 7 गुना इजाफा

## 50 लाख से अधिक की पतंगबाजी करेंगे उज्जैनवासी.. अभी व्यापार सामान्य

**शहर में आधा दर्जन स्थानों पर पतंग की दुकानें लगी–14 और 15 को जमकर होगी पतंगबाजी**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज से दो दिन बाद मकर संक्रांति का पर्व आ रहा है। हर वर्ष इस पर्व के एक महीने पहले ही पतंगबाजी शुरू हो जाती है और बाजार में लाखों का कारोबार होने लगता है। लेकिन इस बार चाइना डोर से हो रहे हादसों के कारण पुलिस की सख्ती है और पतंग बाजार में कारोबार सामान्य बना हुआ है। पिछले साल पतंग बाजार में करीब 40 से 50 लाख का कारोबार हुआ था।



धार्मिक नगरी उज्जैन में जहां एक ओर मकर संक्रांति पर्व पर स्नान और दान का महत्व माना जाता है, वहीं वर्षों से इस दिन पतंगबाजी की भी परम्परा रही है। हर वर्ष मकर संक्रांति के एक महीने पहले से ही पतंगें उडऩे लगती हैं तथा तोपखाना, फ्रीगंज, छत्रीचौक सब्जी मंडी, बुधवारिया चौराहा सहित अनेक स्थानों पर पतंग और मांझे की दुकानें लग जाती हैं। इस बार दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह से ही मौसम में बदलाव आया था और उसके बाद से लगातार कोहरा और बादल का दौर चल रहा है। पतंग व्यवसायियों का कहना है कि इस बार व्यापार फिलहाल सामान्य चल रहा है। इधर पुलिस प्रशासन ने चाइना डोर पर सख्ती से प्रतिबंध लगा दिया है, इसका असर भी पतंग बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है। कुल मिलाकर इस वर्ष मौसम के कारण पतंग का व्यवसाय अभी तक ठप्प है। व्यापारियों को उम्मीद है कि एक दो दिन में अच्छा व्यापार होने की उम्मीद है।

## जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य जी महाराज का 726 वां प्राकव्य महोत्सव मनाया गया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन मे शोभा यात्रा गोपाल मंदिर से अंकपात स्थित बैरागी समाज धर्मशाला होते हुवे जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य जी की प्रतिमा स्थल तक पहुची, और जगह-जगह चल समारोह का स्वागत किया गया इसी बीच वैष्णव बैरागी समाज धर्मशाला के संस्थापक एवं संरक्षक स्वर्गीय श्री महंत दामोदर दास जी बैरागी (दामू पहलवान )की स्मृति में चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया स्वागत वैष्णव बैरागी समाज ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाश बैरागी , श्री सियाराम दास जी,उपाध्यक्ष श्री अभिजीत दामोदर बैरागी जी( हाईकोर्ट एडवोकेट),रुद्रप्रताप बैरागी ,नितिन बैरागी(कालू) , प्रशांत बैरागी (मोनू गुरु) चंद्र प्रकाश बंटी बैरागी अध्यक्ष युवा शक्ति ग्रुप संजय बैरागी , श्री जितेंद्र सिंह सिकरवार श्री प्रेम दास जी बैरागी श्री रवि बैरागी विद्यापति नगर उज्जैन, नितिन बैरागी कोटा के द्वारा चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया।

## 24 घंटे में दिन और रात के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीते 24 घंटे से मौसम सर्द बना हुआ है और दिन-रात कोहरा छा रहा है। कल दिन का तापमान 1 डिग्री गिरकर 27 डिग्री पर आ गया। वहीं आज सुबह लगभग 1 डिग्री घटकर न्यूनतम तापमान भी 9.4 डिग्री पर पहुंच गया। अभी भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।

वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि शीत लहर के कारण कल अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई है। नमी का स्तर 90 प्रतिशत तक रहने के कारण कल तथा आज सुबह तक घना कोहरा छाया रहा। इस वजह से दिन और रात के तापमान में कल करीब 18 डिग्री का अंतर रह गया था। आज भी कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पूर्वी राज्यों में बर्फबारी के कारण सर्दी का असर कुछ दिन और बना रहेगा। अगले 3-4 दिन इसी तरह का मौसम रहेगा और हो सकता है न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से नीचे पहुंच सकता है।

## पाउच दिलाने से मना करने पर दो भाइयों को मारे चाकू



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** घर के बाहर रिक्शा सुधर रहे युवक से पड़ोसी ने पाउच के रुपए मांगे, मना करने पर पड़ोसी ने चाकू से युवक का गला रेत दिया। बीच बचाव करने है भाई पर भी पड़ोसी ने वार कर दिए। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। नागझिरी मटन मार्केट में रहने वाला अरबाज पिता जाकिर खान 24 वर्ष अपने घर के बाहर रिक्शा सुधार रहा था, इस दौरान पड़ोस में रहने वाला सोहेल उर्फ गोलू आया और पाउच के पैसे मांगने लगा। अरबाज ने मना कर दिया। सोहेल वहां से चला गया लेकिन कुछ देर बाद ही हाथ में चाकू लेकर आया और रिक्शा सुधार रहे अरबाज का पीछे से गला रेत दिया। सोहेल को हमला करता देख अरबाज का भाई मोहसिन 30 वर्ष उसे बचाने के लिए दौड़ा तो सोहेल ने उसे पर भी चाकू से वार कर दिए। दोनों भाई लहूलुहान हो गए। आसपास के लोग और परिजन दोनों घायल भाइयों को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। अरबाज की हालत गंभीर होने पर ऑपरेशन थिएटर में भेजा गया। मामले की जानकारी पुलिस को लगी तो घटनास्थल पहुंची, हमलावर के परिजनों ने ही सोहेल को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि सोहेल मानसिक रूप से बीमार है पूर्व में अपने भाई पर भी चाकू से हमला कर चुका है। लेकिन पुलिस का कहना था कि जिस तरह से अरबाज पर हमला किया गया है मामला हत्या के प्रयास का है। सोहेल के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने का प्रकरण दर्ज कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। दोनों घायल भाइयों का चरक अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## प्रतिबंधित चाइना डोर को लेकर मैदान में आई पुलिस








**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चाइना डोर पर लगे प्रतिबंध के बाद मकर संक्रांति से 2 दिन पहले पुलिस ने मैदान संभाल लिया है। चाइना डोर से पतंगबाजी नहीं करने की लोगों को शपथ दिलाई जा रही है। घातक डोर से पतंग उड़ाने वालों पर ड्रोन और दूरबीन से नजर रखी जा रही है।

दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा दिया गया था बावजूद इसके चाइना डोर से होने वाली घटनाएं लगातार सामने आ रही है। मकर संक्रांति पर होने वाले पतंग उत्सव में चाइना डोर का उपयोग ना हो इसको लेकर पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को पुलिस पूरी तरह से मैदान में दिखाई दी और चाइना डोर से पतंग नहीं उड़ने की लोगों को शपथ दिलाई गई। बाजारों में भी चाइना डोर नहीं बचने की हिदायत दुकानदारों को दी जा रही है।

महाकाल थाना पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है यही नहीं आसमान में उड़ रही पतंग में चाइना डोर तो नहीं है इसको लेकर दूरबीन और ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पतंग डोर का मुख्य बाजार उनके थाना क्षेत्र में लगता है जहां एक टीम पूरी तरह से नजर बनाए हुए और प्रतिबंधित डोर नहीं बेचने की हिदायत दे रही है।

फिलहाल किसी भी दुकानदार के पास चाइना डोर होना सामने नहीं आया है बावजूद इसके टीम द्वारा चाइना डोर से कोई हादसा ना हो इसको लेकर पूरी तरह से मुस्तेदी बरती जा रही है। चाइना रोड आम लोगों के लिए ही नहीं पशु पक्षियों के लिए भी घातक साबित हो रही है।

दो युवकों को पतंग उड़ाते पकड़ा- प्रतिबंध लगा होने के बाद भी चाइना डोर से पतंग उड़ा रहे हैं दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। जिनके खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि एक युवक चित्रांश सक्सेना निवासी तिरुपति एवेन्यू और दूसरा इशांन शर्मा निवासी मोहन नगर है। दोनों से एक-एक चाइना डोर की रील बरामद की गई है।

## उज्जैन में हजारों विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी हुए शामिल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस युवा दिवस के अवसर पर दशहरा मैदान के राजाभाऊ महाकाल स्टेडियम में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के 25 विद्यालयों के हजारों विद्यार्थी और शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार किया।

कार्यक्रम में रेडियो प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी त्यौहार हो कोई भी दिवस हो इसकी शुरुआत सदैव दीप प्रज्वलन के माध्यम से होती है। यह सूर्य नारायण देवता का प्रतीक है जिससे सृष्टि में जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। जिसकी ऊर्जा से शरीर सराबोर होता है। सूर्य के माध्यम से ही प्रकाश संश्लेषण की क्रिया से पौधों में भी जीवन देखते है। योग पूरे जीवन का निचोड़ है और योग केवल हमारे लिए एक व्यायाम नहीं यह हमारे जीवन को उत्कृष्टता की और ले जाने का मार्ग है। ऐसे में अगर योग के लिए हमारे पास पूरा समय नहीं है तो सूर्य नमस्कार के माध्यम से भी अधिकांश योग की क्रियाओं को अपने शरीर में धारण करने का अवसर पाते है। आज के संदर्भ में जब योग के माध्यम से सही मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं तो ऐसे में स्वाभाविक रूप से हमको सूर्य नमस्कार की उन विशेषताओं की तरफ भी जाना पड़ेगा जिन्हें आज के संदर्भ में समसामयिक रूप से जोड़ा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए खुद को तैयार करें।

## प्रयागराज में हुआ सेवानिवृत्ति अधिकारी से हुई ठगी का ट्रांजैक्शन

**साइबर ठग की तलाश में जाएगी पुलिस, राशि कराई गई होल्ड**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बिजली विभाग से रिटायर्ड क्लास वन अधिकारी के साथ जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन भेजने के दौरान ऑनलाइन 1.8 लाख की धोखाधड़ी हो गई। खाते से रूपयों का ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल परिवार से जुड़े अधिकारी को जानकारी दी गई। राशि का ट्रांजेक्शन होल्ड कराया दिया गया।




संत कबीर नगर में रहने वाले सुभाष पिता पुरूषोत्तम खरे 64 साल बिजली विभाग से रिटायर्ड है। अक्टूबर 2025 से उनकी पत्नी का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। जिसके चलते वह बैंक में पेंशन के लिये अपना लाइफ सर्टिफिकेट (जीवित प्रमाण पत्र) जमा करने नानाखेड़ा स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नहीं जा पा रहे थे। उन्होने नवम्बर 2025 में ऑनलाइन लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिये अपने पेंशन ग्रुप में आई हुई लिंक को ओपन किया। जिसमें बैंक का नम्बर भी मौजूद था। वह ऑनलाइन सर्टिफिकेट जमा करने की प्रक्रिया को पूरा कर पाते उससे पहले बेटी ने उन्होने प्रक्रिया को रोक दिया और सीधे बैंक में जाने की बात कहीं। उन्होने प्रक्रिया पूरी नहीं की और पत्नी के पास अस्पताल चले गये। कुछ घंटे बाद पता चला कि उनके खाते से 1.8 लाख का ट्रांजेक्शन हो गया। उन्होने परिवार में शामिल पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी। उन्होने सायबर हेल्पलाइन पर शिकायत कर राशि होल्ड कराई। दूसरे दिन बैंक और सायबर से संपर्क कर घटनाक्रम बताया। यूनियन बैंक ने खाते से ट्रांसफर राशि का पता लगाया तो सामने आया कि उक्त राशि प्रयागराज के फूलपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में मोहम्मद रज्जाक के खाते में पहुंची है। उन्होने सायबर शिकायत के बाद न्यायालय के माध्यम से होल्ड राशि प्राप्त करने का प्रयास किया। न्यायालय ने पुलिस शिकायत करने की बात कहीं। अब तक की गई राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया में पुलिस शिकायत की जरूरत होने पर रिटायर्ड अधिकारी द्वारा नानाखेड़ा थाना पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। जिस खाते में राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है, उस खाताधारक की तलाश में नानाखेड़ा पुलिस प्रयागराज जायेगी।

## अखंड हिंदू युवा संगठन द्वारा पदाधिकारी को नए दायित्व सौपकर सम्मान किया एवं चाइना डोर की बिक्री का किया बहिष्कार



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखंड हिंदू युवा संगठन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पदाधिकारी को नए दायित्व एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी पदाधिकारियो एवं सदस्यों को भगवान श्री राम जी की फोटो स्मृति फ्रेम एवं हनुमान चालीसा पुस्तक वितरण की गई। वही नए दायित्व भी सौंप गए। अखंड हिंदू युवा संगठन का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। वही चायना डोर से पक्षी एवं आम व्यक्ति की जान के लिए खतरा बनी चायना डोर का संगठन ने जमकर विरोध कर बहिष्कार किया। इस दौरान आयोजन अखंड हिंदू युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार चंदेल, संभाग अध्यक्ष संजय मीणा, जिला अध्यक्ष राहुल माली, जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शुभम चौहान, जिला संयोजक जितेंद्र प्रजापत, जिला सचिव शंकर प्रजापत, जिला संगठन महामंत्री दिनेश कुंभकार, जिला मंत्री दीपक प्रेमचंदानी, सहसचिव विजय श्रीवास, जिला कार्यालय महामंत्री राजेश कच्छावा, तहसील अध्यक्ष विजय प्रजापत नगर अध्यक्ष रामवीर सिंह राजपूत, तराना अध्यक्ष कुलदीप यादव, अगर नगर अध्यक्ष वेदप्रकाश मालवीय, नगर उपाध्यक्ष संदीप सिंह मालवीय, नगर संयोजक अरविंद कौशल, नगर मीडिया प्रभारी संदीप व्यास, नगर सचिव शिवम कच्छावा, नगर सहसचिव ओम प्रजापत, नगर कार्यालय मंत्री संतोष मंडावा, नगर मंत्री विजय सेगर, मुकेश मालवीय, वार्ड अध्यक्ष ईश्वर गोस्वामी, नंदकिशोर मालवीय, आशीष कुमावत, रवि कारपेंटर, भूपेंद्र सूर्यवंशी, नवीन राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी नगर मीडिया प्रभारी संदीप व्यास ने दी।